


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 2 अगस्त 2023 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-1 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-125 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 3 अगस्त 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### चिटफंड कंपनी डायरेक्टर गिरफ्तार

**भिलाई,2 अगस्त।** चिटफंड कंपनी एसएस बिजनस हब के डायरेक्टर मनोज कुमार साहू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी 250 निवेशकों से लाखों रुपए गबन कर फरार था। जांच में 33 लाख रुपए के रिकॉर्ड मिले हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 4,5,6 चिटफंड अधिनियम, छत्तीसगढ़ निक्षेपको का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 7.10 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की सीएसपी आईपीएस निखिल राखेचा ने बताया कि वर्ष 2018 की घटना है। एसएस बिजनेस हब के डायरेक्टर मनोज साहू ने दफ्तार खोला, जहां निवेश करने पर ज्यादा ब्याज देने का झांसा दिया। उसके झांसे में आकर करीब 250 से अधिक निवेशकों ने अपनी गाड़ी कमाई को इनवेस्ट किया। इसके बाद डायरेक्टर ऑफिस बंद कर भाग गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि मामले की शिकायत हुई थी। दंडाधिकारी जांच के बाद मामले थाना आया भिलाई नगर सीएसपी निखिल राखेचा के मार्गदर्शन में एसएस बिजनेस हब का डायरेक्टर मनोज कुमार साहू के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। टीम उसकी खोजबीन की। आरोपी को मोहन नगर ग्रीन चौक के पास पकड़ा गया दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि चिटफंड कंपनियों के डायरेक्टर के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। वर्ष 2018 से फरार डायरेक्टर को पकड़ने में सफलता मिली है। अय निवेशकों की रकम लौटाने की प्रक्रिया की जाएगा

### राजेंद्र गुढ़ा ने खोले लाल डायरी के राज

**जयपुर,2 अगस्त।** राजस्थान में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में राजस्थान की राजनीति में लाल डायरी का जिक्र खूब हो रहा है। दरअसल, पिछले दिनों गहलोत मंत्रिमंडल से बर्खास्त किए गए राजेंद्र गुढ़ा ने लाल डायरी की बात की थी। वह लाल डायरी के साथ विधानसभा में भी पहुंचे थे। उन्होंने दावा किया था कि लाल डायरी में गहलोत सरकार के काले कारनामे छुपे हुए हैं। इसके बाद लाल डायरी को लेकर भाजपा खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कांग्रेस पर तंज कसा था। इन सबके बीच आज लाल डायरी को लेकर पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने बड़ा खुलासा किया है। आपको बता दें कि महिलाओं के खिलाफ राजस्थान में होने वाले अपराध को लेकर उन्होंने अपनी ही सरकार की आलोचना की थी।



# राजधानी में डबल मर्डर

**रायपुर 2 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

### युवक ने मां-भाई को उतारा मौत के घाट, बहन की हालत नाजुक

राजधानी में युवक ने सौतेली मां और भाई की हत्या कर दी है। राजधानी में हुए इस डबल मर्डर से सनसनी फैल गयी है। घटना रायपुर के सरोरा की बतायी जा रही है। आरोपी का नाम राजकुमार साहू है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक परिवारिक विवाद की वजह से इस खूनी वारदात को अंजाम दिया गया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी राजकुमार साहू के पिता ने दो शादियां की थी। आरोपी का आपनी सौतेली मां और भाई से विवाद चल रहा था। मंगलवार को भी इस मामले में विवाद हुआ था। जिसके बाद आज आरोपी ने घर में खूनी वारदात को अंजाम दिया। युवक ने घर में घुसकर सैतेली मां, भाई और बहन पर हमला कर दिया। इस हमले में मां और भाई की मौत हो गयी। इधर, हमले में



बहन की हालत गंभीर है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना की सूचना पर उरला पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इधर पुलिस ने आरोपी राजकुमार साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### पत्नी की हत्या के बाद खुदकुशी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है. सीएसईबी चौकी अंतर्गत खबरभट्टा बस्ती में एक पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर उसे मौत की नींद सुला दिया. फिर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया. इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत खबरभट्टा बस्ती में पति ने पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया और खुद को घर के आंगन में फांसी के फंदे पर लटका लिया. घटना के बाद बस्ती में सनसनी फैल गई. इस घटना की सूचना देर रात लगभग 3 बजे डायल 112 की टीम को दी गई. बताया जा रहा है कि पति-पत्नी एक कमरे में सोए हुए थे, वहीं चार बच्चे दूसरे कमरे में सोये हुए थे. तभी देर रात लगभग 3 बजे आरोपी सैयाद सलीम (52 वर्ष) ने खौफनाक कदम उठाते हुए अपनी पत्नी आइसा बेगम (40 वर्ष) की धारदार हथियार से हत्या कर दिया और उसके बाद खुद आत्महत्या कर लिया.

# पीएम आवास पर सीएम भूपेश बघेल ने मोदी को लिखा पत्र



**रायपुर,2 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रतीक्षा सूची के शेष आवासों के लिए लक्ष्य आबंटित करने का अनुरोध किया है। साथ ही प्रधानमंत्री से प्रदेश में आवास प्लस के 8 लाख 19 हजार 999 हितग्राही परिवारों के लिए भी लक्ष्य आबंटित करने का अनुरोध किया है। सीएम ने अपने पत्र में लिखा कि आग्रह है कि विद्यमान प्रतीक्षा सूची में शामिल 6,99,439 परिवारों के साथ-साथ, आवास प्लस के 8,19,999 परिवार के लिये भी

### 14 लाख परिवारों के लिए मांगा आवास

राज्य सरकार को लक्ष्य प्रदान किये जायें, ताकि योजना के उद्देश्य की पूर्ति हो सके।

जानते चलें कि छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सियासत गर्माती रही है. भाजपा-कांग्रेस एक-दूसरे पर झूठा होने का आरोप लगा रही है. भाजपा का कहना है कि भूपेश सरकार ने विधानसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर मिथ्या भाषण और आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। वहीं कांग्रेस का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास को लेकर भाजपा झूठ बोल रही है। फर्जी तरीके से हितग्राहियों के नाम पर फार्म भरवाए जा रहे हैं।

### अब तक 8 लाख से अधिक आवास पूर्ण: बृजमोहन

पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री ने बजट भाषण में कहा कि अब तक 8,42,289 आवास पूर्ण हुए हैं, जबकि सत्य यह है कि दिसंबर 2018 में भूपेश सरकार बनी तब तक भाजपा शासन के तीन वर्षों में 7,56,765 आवास स्वीकृत हो चुके थे और निर्मित भी लगभग हो चुके थे। भाजपा इसी मुद्दे पर विधानसभा का घेराव भी कर चुकी है. उसका आरोप है कि भाजपा सरकार ने 7.5 लाख आवास बना दिए थे. फिर नया सर्वे का शिगूफा



क्यों? क्या भूपेश बघेल नई आवास योजना बना रहे हैं? सिंहदेव ने अपने इस्तीफे में जिन आठ लाख परिवार को आवास न देने का जिक्र किया था। उन्हें पहले मकान आवंटन क्यों नहीं कर रहे हैं. आवास योजना के केंद्र के 10 हजार करोड़ से छत्तीसगढ़ को वंचित करने का अपराधी कौन है?




**रायपुर,2 अगस्त।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चिटफंड के पीड़ित निवेशकों की राशि लौटाई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लौटाई चिटफंड के पीड़ित निवेशकों की राशि, न्याय कार्यक्रम के तहत निवेशकों को राहत पहुंचाई ।

### खड़गे से मिले पीसीसी चीफ बैज, छग आने का न्योता दिया



**जगदलपुर,2 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ्ग के अध्यक्ष एवं बस्तर के सांसद दीपक बैज ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। श्री बैज ने श्री खड़गे को छत्तीसगढ़ आने का निमंत्रण दिया।

### पांच-छह अगस्त को तमिलनाडु-पुडुचेरी के दौरे पर रहेंगी मुर्मू

**चेन्नई।** राष्टपति द्रौपदी मुर्मू पांच और छह अगस्त को तमिलनाडु और पुडुचेरी की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगी। मुर्मू पांच अगस्त की शाम चेन्नई पहुंचेंगी।

# राष्ट्रपति से मणिपुर मामले में हस्तक्षेप की मांग

**नई दिल्ली,2 अगस्त।** मणिपुर मुद्दे को उठाने के लिए 31 विपक्षी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और राज्य में जारी संकट में हस्तक्षेप की मांग करते हुए उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (आई.एन.डी.आई.ए.) के 21 सांसद भी शामिल थे जिन्होंने 29-30 जुलाई को मणिपुर का दौरा किया था। यह बैठक ऐसे समय हुई जब विपक्ष संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग को लेकर अड़ा हुआ है। साथ ही साथ वह मणिपुर हिंसा पर व्यापक चर्चा की मांग कर रहा है।

प्रधानमंत्री को मणिपुर का दौरा करना चाहिए और राज्य में शांति बहाल करने की दिशा में कदम उठाना चाहिए। आम आदमी पार्ट सांसद सुशिल गुप्ता ने कहा कि हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री सदन में आएं और मणिपुर जाएं। वे वहां शांति का रास्ता निकालें। यह सब हमने राष्ट्रपति जी को बताया और हरियाणा की स्थिति से भी अवगत कराया।

राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात पर कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि हमने जो भी वहां देखा वह सब राष्ट्रपति जी के सामने रखा है। मणिपुर के हालात दिन पर दिन संगीन होते जा रहे हैं। विपक्षी दलों की ओर से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात के बाद राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के 31 सदस्यों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और मणिपुर का दौरा करने वाले 21 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें वहां की स्थिति के बारे में जानकारी दी। हमने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि हमने राष्ट्रपति को विशेष रूप से मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, पुनर्वास और अन्य स्थितियों के बारे में जानकारी दी... हमारी मुख्य मांग है कि सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया, ÷हम बिना किसी देरी के राज्य में शांति और सद्भाव स्थापित करने के लिए आपसे तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध करते हैं। प्रभावित समुदायों को न्याय प्रदान करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों को अपना कर्तव्य पूरा करना चाहिए। हम आपसे निवेदन करते हैं कि आप प्रधानमंत्री पर मणिपुर की मौजूदा स्थिति पर संसद को तत्काल संबोधित करने के लिए दबाव डालें, जिसके बाद इस मामले पर एक विस्तृत और व्यापक चर्चा हो।÷

# पूर्व महापौर देवांगन समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल



**रायपुर,2 अगस्त**

नगर निगम बिरगांव के पूर्व महापौर और जोगी कांग्रेस के पूर्व नेता ओमप्रकाश देवांगन आज बीजेपी में शामिल हो गये। प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव की मौजूदगी में लगभग एक हजार समर्थकों के साथ ओमप्रकाश ने बीजेपी का दामन थामा. ओमप्रकाश देवांगन 2018 में जोगी कांग्रेस से रायपुर ग्रामीण सीट से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं. पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चंद्राकर भी बीजेपी में शामिल हुए. बीजेपी प्रभारी ओम माथुर और प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने ओमप्रकाश और पूर्व डीईओ को बीजेपी में प्रवेश दिलाया.

प्रभारी ओम माथुर ने अपने संबोधन में कहा, ओमप्रकाश देवांगन ने पूरी फौज खड़ी कर दी, इसे देखकर प्रसन्न हुआ. ओम प्रकाश देवांगन को केंद्र में उपयोग करेंगे. ओम माथुर ने भाजपा प्रवेश करने वाले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, जहां भी देश में डबल इंजन की सरकार है वहां विकास की गंगा बह रही है. प्रधानमंत्री आवास के मसले पर माथुर ने कहा, 12 लाख मकान बना हुआ मिलता अगर राज्य सरकार अपने कोटे का पैसा देती.

माथुर ने कहा, प्रधानमंत्री चाहते हैं कि मकान बने, लेकिन यहां की सरकार ने उसे रोकने का काम किया. भय और डर की वजह से भूपेश बघेल अपनी पार्टी के पदों में परिवर्तन कर रहे हैं. आने वाले दिनों में कांग्रेस में और परिवर्तन दिखेगा, जीतने भी परिवर्तन कर लें भाजपा की सरकार बनेगी.

### हर विधानसभा के लिए एक्शन प्लान बना रही भाजपा

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज हो गई है. बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष चुनाव समिति, संभाग प्रभारी और मोर्चा की संयुक्त बैठक ले रहे हैं. बैठक में हर विधानसभा के लिए बीजेपी एक्शन प्लान बना रही. बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी. बैठक में राष्ट्रीय संगठक वी सतीश, राष्ट्रीय महामंत्री सीटी रवि, प्रदेश प्रभारी प्रभारी ओम माथुर और सह प्रभारी नितिन नवीन भी मौजूद हैं.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बहन के घर जा रहे इकलौते भाई की मौत

**बालोद,दुर्ग 2 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बालोद में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलकूद देखकर रात्रि बहन के घर जा रहे चार बहनों के इकलौते भाई का सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बालोद के शिकारीटोला निवासी देवानंद पिता कृष्णा उम्र 19 वर्षीय ठेमाखुर्द में आयोजित छत्तीसगढ़िया ओलंपिक देखने गया था,जहाँ से रात्रि हो जाने के कारण युवक अपने गांव अपना घर ना जाकर बाइक से बहन के घर जाने के निकला था।उसी दौरान डौंडी थाना इलाके के उकारी गाँव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को ठोकर मारकर फरार हो गया। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल युवक को आनन-फानन में डौंडी सरकारी अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। चार बहनों में एकलौते भाई की सड़क हादसे में मौत के बाद बहनों का रो - रोकर बुरा हाल है,वहीं पूरे गाँव में मातम छा गया है। इधर हादसे के बाद डौंडी पुलिस पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है।

### दुर्ग में हाईवा ने युवक को रौंदा हुई मौत

उधर दुर्ग में हाईवा ने युवक को अपने ले लिया। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो



गयी,हादसा महाराजा चौक की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक गिट्टी से भरा हाईवा नो एंट्री में प्रवेश किया था,उसी दौरान बाइक सवार युवक को ठोकर मारते हुए कुचल दिया और युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी,बताया जा रहा है कि हादसे के बाद मृतक युवक के शिनाख्त में काफी समय लगा आखिरकार युवक की पहचान शुभम भट्ट के रूप में हुई जो दुर्ग के बोरसी का रहने वाला था,पुरा मामला पदमनाभपुर थाना इलाके का बताया जा रहा है,जानकारी के मुताबिक मृतक युवक की कुछ महीने पहले ही शादी हुई,इधर मामले में पुलिस ट्रक को जप्त कर अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# कूनो में एक और चीता की मौत,अब तक 6 चीते और 3 शावक की हो चुकी है मौत

**भोपाल,2 अगस्त।** कूनो नेशनल पार्क में एक और चीता के मरने की पुष्टि की गई है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक असीम श्रीवास्तव ने कहा कि मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में एक और चीते की मौत हुई। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में आज सुबह मादा चीता धात्री मृत पाई गई। मौत के मामले का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। साझा की गई जानकारी के मुकूनो राष्ट्रीय उद्यान में बोमा में रखे गये समस्त 14 चीते (07 नर एवं 06 मादा एवं 01 मादा शावक) स्वस्थ हैं और उनका लगातार स्वास्थ्य परीक्षण बूजी वन्यप्राणी चिकित्सक टीम एवं नामीबियाई विशेषज्ञ के द्वारा किया जा रहा है। जानकारी में यह भी बताया गया है कि बाहर विचरण कर रहे शेष 02 मादा चीतों को नामीबियाई विशेषज्ञ एवं कूल वन्यप्राणी चिकित्सक एवं प्रबंधन टीम द्वारा लगातार अनुकरण किया जा रहा है एवं उनके स्वास्थ्य परीक्षण हेतु दोना में लाये जाने के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इन दोनों में से आज प्रातः एक मादा चीता धात्री - मृत पाई गई है। मृत्यु के कारणों का पता लगाने हेतु पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। बता दें कि कूनो नेशनल पार्क में अब तक 6 चीतों और 3 शावकों की मौत हो चुकी है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने उच्चतम न्यायालय को बताया है कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में पांच वयस्क चीतों और तीन शावकों की मौत परेशान करने वाली है।

### मशहूर आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई ने की खुदकुशी

**रायगढ़ ,2 अगस्त ।** एक चौंकाने वाली घटना में, मशहूर कला निर्देशक नितिन देसाई को बुधवार तड़के उनके एन.डी. स्टूडियो में फांसी पर लटका हुआ पाया गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। कर्जत पुलिस जांच के लिए उनके स्टूडियो पहुंची है लेकिन आत्महत्या का कारण अभी साफ नहीं है।

# छात्रा के पेट पर छात्र ने मारी लात, अधीक्षक निलंबित

**बीजापुर,2 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास आवापल्ली की घटना संबंधी वीडियो वायरल होने पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है. छात्रावास अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. वहीं मंडल संयोजक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. इसके साथ ही मामले में पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है. वहीं पूरे घटनाक्रम पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया है.

कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने घटना का वीडियो वायरल होने के बाद त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास केएस मशराम को दिए थे. सहायक आयुक्त ने बताया कि 26 जुलाई को दोपहर 19 वर्षीय छात्रा अपनी 12वीं कक्षा की अंकसूची लेने प्री. मैट्रिक बालक छात्रावास आवापल्ली में निवासरत 10वीं कक्षा के छात्र के पास छात्रावास में आई थी. वीडियो के अनुसार, छात्रा के अंकसूची मांगने पर छात्र से विवाद हुआ, जिसके बाद छात्र ने छात्रा के पेट में लात मारी. 31 जुलाई की शाम यह वीडियो व्हाटसअप के माध्यम से मेरे संज्ञान में लाया गया.

सहायक आयुक्त ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेते हुए 1 अगस्त की सुबह घटना स्थल पर पहुंच कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया. संस्था के अधीक्षक एवं संस्था के 4 छात्रों को बयान लिया गया. बयान के आधार पर दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले संस्था में



पदस्थ प्रभारी अधीक्षक रुद्रप्रताप झाड़ी शिक्षक एलबी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय जिला शिक्षा कार्यालय बीजापुर नियत किया गया है. इसके साथ मंडल संयोजक, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, विकासखंड उसूर और संस्था में पदस्थ अन्य कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है.

वर्तमान में भूपेन्द्र मडी, व्याख्याता, स्वामी आत्मानंद विद्यालय आवापल्ली को प्रभारी अधीक्षक प्री. मैट्रिक बालक छात्रावास आवापल्ली का प्रभार सौंपा गया है. इसके साथ ही मंडल संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग, विकासखंड उसूर को इस घटना की सूचना पुलिस थाना आवापल्ली में देने का निर्देश दिया गया है.

## एक नजर

### सेवानिवृत्त कर्मचारी उर्मिला, संतोष की दी गई विदाई



**कवर्धा, 2 अगस्त।** कवर्धा नगरपालिका सीएमओ नरेश वर्मा और कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे सहित कर्मचारियों ने उर्मिला , संतोष को फूल की माला पहनाकर भाव भीनी विदाई की । समय पाल अजय ठाकुर , सुश्री सुखबाई टोंडे मिशन प्रबंधक , बृजभूषण सहित कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### कोडिया की रोजगार सहायक किरण भारद्वाज को मिला उत्कृष्ट कर्मचारी सम्मान

**उतई, 2 अगस्त।** जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा दुर्ग ग्रामीण विधानसभा स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी सम्मेलन 2023 का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक, महिला स्व सहायता समूह, युवा मितान, गौठान अध्यक्ष व रामायण मण्डली के उत्कृष्ट सेवाओं एवं कार्यों के लिए अधिकारी कर्मचारी एवं पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छग के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, जनपद सीइओ शैलेश भगत ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम कोडिया की रोजगार सहायक किरण भारद्वाज को शासन व विभाग की महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं कार्यों को सुचारू रूप से संचालन करने में सराहनीय योगदान के लिए उत्कृष्ट कर्मचारी के रूप में प्रशस्ति पत्र प्रदानकर सम्मानित किया गया। रोजगार सहायक की इस उपलब्धि के लिए मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी गौरव मिश्रा, ताम्रकेश्वर चन्द्राकर, ग्राम सरपंच चंद्रभान सारथी, उपसरपंच चंद्रकुमार चन्द्राकर, सचिव सरिकालता साहू, पूर्व सरपंच राधेलाल साहू, कृषक कल्याण परिषद सदस्य जेपी दीपक, पटवारी शिल्पा यादव, बीएफटी टेमन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर खुमेंद्र निर्मलकर, जयललिता निषाद, शौर्य संगठन अध्यक्ष फलेंद्र पटेल, सचिव आदित्य भारद्वाज, गोरकापार मिडिल स्कूल हेडमास्टर खुमान भारद्वाज, संदीप यादव, लक्ष्मीनारायण साहू सहित पंचायत प्रतिनिधियों व मनरेगा स्टॉफ ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ।

### सर्प दंश से युवक की मौत


**भिलाई, 2 अगस्त।** भिलाई सांप के डसने से एक युवक की मौत हो गई सोमवार की रात को युवक चिखली चौक के पास गया था। वहां पर वो एक ठेले के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान उसे सांप ने डस लिया। उसने अपने एक दोस्त को फोन कर इसकी जानकारी दी तो उसका दोस्त उसके पास पहुंचा और उसे जिला अस्पताल ले गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बताया कि ग्राम जुनवानी खम्हरिया निवासी हीरा सिंह यादव ( 30 ) रात करीब 10 बजे चिखली चौक के पास आया था। चौक के पास स्थित नाश्ते के एक ठेले के पास वो बैठा था इसी दौरान एक सांप ने उसके पैर में डस लिया। उसने अपने एक दोस्त करहीडीह निवासी हेमलाल को फोन कर इसके बारे में जानकारी दी खबर मिलते ही हेमलाल उसके पास चिखली चौक पहुंचा और उसे जिला अस्पताल दुर्ग ले गया। जहां करीब एक घंटे बाद उसने दम तोड़ दिया मृतक मजदूरी का काम करता था मंगलवार को उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया जेवरा सिरसा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच।

### हादसे में कारसवार की मौत



**भिलाई,2 अगस्त ।** भिलाई नगरथाना क्षेत्र बीती रात सेक्टर-5 चौक में कार और बाइक में भिड़त हो गई। इसके बाद कार सीधे पेड़ से टकरा गई। इस घटना में कार चालक की मौत हो गई। वहीं बाइक चालक को भी चोटें आई है फिलहाल भिलाईनगर पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है भिलाईनगर टीआई राजेश साहू ने बताया कि घटना दुर्ग से मुर्गा चौक जा रहे थे कि सेक्टर-5 चौक के पास कार चालक और बाइक सवार दोनों आपस में टकरा गए और कार जाकर पेड़ से टकरा गई सेक्टर-2 निवासी नारायण स्वामी की मौके पर ही मौत हो गई वहीं बाइक चालक को चोटें आई है।

### नाले में गिरी युवती की मौत



**भिलाई,2 अगस्त ।** भिलाई कीचड़ के चलते फिसलकर स्कूटी समेत नाले में गिरने से एक छात्रा की मौत हो गई। स्थानीय लोगों से इसकी जानकारी मिलने के बाद डायल 112 की टीम ने उसे निकालकर अस्पताल पहुंचाया सूचना मिलने पर पुरानी भिलाई पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है भिलाई तीन टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि मृतका का पहचान सिरसाकला निवासी पायल सिन्हा ( 23 ) के रूप में की गई है वह भिलाई-तीन के किसी आफिस में कंप्यूटर का काम सीखने जाती थी। काम कर के वापस लौटते समय वो हादसे का शिकार हो गई। नाले के पास सड़क पर कीचड़ था उसकी गाड़ी वहां पर फिसल गई वो उसे नियंत्रित नहीं कर सकी और गाड़ी समेत नाले में गिर गई। नाले में पानी भरा हुआ था और वो उसमें डूब गई, जिससे उसकी मौत हो गई बताया जा रहा है कि मृतका के पिता शत्रुघन सिन्हा भिलाई चरोदा नगर निगम में कर्मचारी हैं ।

### युवक की हत्या मामले में संदेहियों से पूछताछ

**भिलाई, 2 अगस्त।** रसमड़ा बाईपास सड़क पर मंदिर के पास त्रिशूल मारकर युवक की हत्या मामले में मंगलवार को भी मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस सीसी टीवी कैमरे के फुटेज खंगालने के साथ ही आसपास के क्षेत्र में लोगों से पूछताछ कर रही है वहीं जांच के लिए टीम बनाई गई है।

सावन के चौथे सोमवार को सैकड़ों युवाओं के साथ

# तुकाराम चन्द्रवंशी ने कांवर यात्रा कर महादेव का जलाभिषेक किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कबीरधाम, 2 अगस्त।** सावन का महिना चल रहा है और जिले भर के शिवभक्त अपने आराध्य भगवान भोलेनाथ की शिवभक्ति में डूबे नजर आ रहे हैं। श्रावण मास के इस पवित्र महिने में हर साल की तरह इस साल भी बड़ी संख्या में जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण अंचलों के शिव भक्त कांवर यात्रा भी कर रहे हैं। कोई मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर कवर्धा तक की कांवर यात्रा कर रहा है तो कोई मध्यप्रदेश के मण्डला जिले से मां नर्मदा का पवित्र जल कांवर में लेकर कांवर यात्रा कर रहा है। इसी कड़ी में कबीरधाम जिले के जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी के नेतृत्व में अंचल के सैकड़ों युवाओं ने श्रावण मास के चौथे सोमवार को कांवर यात्रा की। चन्द्रवंशी के नेतृत्व में इन युवा शिवभक्तों ने पूरी श्रद्धाभक्ति के साथ विकासखण्ड पंडरिया के दामापुर



क्षेत्र में बहने वाली शिवगंगा हाफ नदी के तट से विधिवत पूजा अर्चना के साथ कांवर में नदी का पवित्र जल भरकर बोल बम के जयघोष के साथ अपनी कांवर यात्रा प्रारंभ की। केशरिया पोषाक में सजे धजे शिव भक्ति में लीन सैकड़ो युवा कांवरिया अपने अगुवा तुकाराम चन्द्रवंशी के नेतृत्व में पदयात्रा करते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़े। इस दौरान मार्ग में पडने वाले गांवों की महिलाओं ने हांथ में पूजा की थाल, आरती, फूल माला लेकर इन कांवरियों का भव्य स्वागत किया। कांवरियों की टोली अपनी यात्रा को आगे बढ़ाते हुए दामापुर से ग्राम अतरिया पहुंची जहां उन्होने स्थानीय शिव मंदिर में श्रीफल भेंटकर तथा पूजा अर्चना की और कांवर यात्रा को आगे बढ़ाया। कांवर यात्रा ग्राम निगापुर, अमलीमालगी, कुंआमालगी, कंझेटा, मोहतरा, कारीमाटी होते हुए ग्राम रुसे पहुंची जहां कांवरियों की टोली ने विश्राम किया और विशाल भण्डारा में प्रसादी गृहण की। तत्पश्चात कांवरियों की टोली ने अपनी कांवर यात्रा को आगे बढ़ाते हुए ग्राम मोहगांव, रैतापारा, संडी होते हुए सीणे स्वयं भू जालेश्वर महादेव के धाम डोंगरिया पहुंची। जहां सभी कांवरियों ने श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान जालेश्वर महादेव का अभिषेक किया और अपनी कांवर यात्रा को विराम दिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य व युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी ने कहा कि पवित्र श्रावण मास में शिवभक्ति पूजन व जलाभिषेक का अपना अलग महत्व है। यही वजह है कि हमने अपने युवा साथियों के साथ अपने जिले, क्षेत्र और पूरे प्रदेश सहित देश के सुख, समृद्धि की कामना के साथ इस पवित्र श्रावण मास में कांवर यात्रा कर देवों के देव जालेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया है।

## दामापुर की 50 महिलाओं को जिला पंचायत सदस्य मीना चंद्रवंशी ने कराया कांग्रेस प्रवेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कुंडा, 2 अगस्त। पंडरिया विधानसभा के ग्राम दामापुर में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को दामापुर बाजार में आयोजित किया गया जिसमेंमुख्य अतिथि श्रीमती मीना नीलू चंद्रवंशी जिला पंचायत सदस्य ,विशिष्ट अतिथि श्रीमती सीमा अगम अनंत पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कवर्धा,श्रीमती प्रीति ठाकुर जी जिला अध्यक्ष इंटक कांग्रेस, ब्लॉक अध्यक्ष श्री उत्तरा दिवाकर जी जोन अध्यक्ष सुखचैन भास्कर जी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सलूजा जी सेक्टर अध्यक्ष शिव कुमार चौहान जी भरत साहू जी सूरज यादव जी सुरेश चौहान जी धनंजय कुर्रे जी की उपस्थिति में दामापुर क्षेत्र के लगभग 50 महिलाओं को कांग्रेस का गमछा पहनाकर के विधिवत कांग्रेस प्रवेश कराई है। श्रीमती मीना देवी चंद्रवंशी श्रीमती सीमा नंद श्रीमती प्रीति ठाकुर जी ने छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना सभी महिलाओं के बीच में रखें छत्तीसगढ़ सरकार ने जो महिलाओं के लिए काम किया है उस को विस्तार पूर्वक महिलाओं को अवगत कराएं और भारतीय जनता पार्टी के सरकार ने जो महिलाओं के विरुद्ध में काम किया है जैसे गैस सिलेंडर किधर में बेतहाशा वृद्धि किया है महिलाओं की सुरक्षा नहीं कर पाएंगे जगह-जगह महिलाओं को अपमानित किया गया है ऐसे भारतीय जनता पार्टी को आने वाला 2023 के विधानसभा चुनाव में जड़ से उखाड़ फेंकने का आह्वान उपस्थित महिलाओं से किया गया । महिला कॉंग्रेस दामापुर से हकीमा बेगम, मीना घृतलहरे, मीना बनर्जी, परमेश्वरी ,सभी कार्यकर्ताओ की उपस्थित रही,ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, उपाध्यक्ष रामवतार सिंगरौल, भरत साहू महामंत्री, शिवकुमार चौहान सेक्टर प्रभारी,सुखचंद भास्कर जोन प्रभारी,परमेश्वर सिंगरौल मीडिया प्रभारी व बूथ अध्यक्ष,सनंदन कुर्रे बूथ अध्यक्ष, सफीक खान सरपंच, रमेश घृतलहरे सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता ,खेमू साहू, हेमंत चौहान, सुरेश चौहान आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।



### आंगनबाड़ी में मनाया गया वजन त्योहार

जामुल। आंगनबाड़ी में वजन त्योहार मनाया गया जिसमें नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद रेखराम बंछोर जगदीश देवांगन ओमप्रकाश साहू पियारे साहू शामिल हुए सभी बच्चों को नापतौल ऊंचाई एवं वजन किया गया जिसमें आंगनबाड़ी के कार्य करता एवं सहाईकरता उपस्थित थे। सभी बच्चों को बधाई दी एवं बिस्कुट वितरण किया गया।

## मणिपुर की हिंसा पर पाटन में किया गया धरना-प्रदर्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,2 अगस्त।** मणिपुर में पिछले दिनों दो महिलाओं को नग्न अवस्था मे परेड लेकर घुमाया गया था। जिसको लेकर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश मे गुस्सा अभी भी शान्त नही हुआ है। इसी कड़ी में पाटन में मणिपुर घटना को गुस्सा देखा जा सकता हैं। मंगलवार को जनपद पंचायत के सामने एक दिवसीय धरना दिया गया। इस दौरान एक सभा का आयोजन भी रखा गया था। इस दौरान कार्यक्रम सहयोजक राजेंद्र बघेल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा 4 महीने का घटना है, 3 मई की घटना 14 दिन के बाद 18 दिन के थाना में रिपोर्ट दर्ज किया जाता है। प्रदेश मणिपुर एवं देश की मुख्य इस घटना को संज्ञान नहीं लेती है। इस देश की महिला बाल विकास मंत्री इतने बड़ी घटना के बाद चुप क्यों हैं। उन्होंने आगे कहा कुछ दिनों से मैंने वाल राइटिंग के माध्यम से पाटन क्षेत्र के गांवो में प्रदेश मांगे तीसरा विकल्प लिखवा है परन्तु आज इस मंच के माध्यम से कहना चाहता हूं प्रदेश ही नही देश मांगे तीसरा विकल्प अब समय आ गया। हमारे देश की बागड़ोर की कमान किसी अच्छे व्यक्ति के हाथों सौपना होगा। इस दौरान वक्ताओं ने प्रदेश के कांग्रेस सरकार को भी आड़े हाथ लिया गया। जनपद पंचायत के सामने सभा के बाद नया बस स्टैंड से भ्रमण करते हुए आत्मानंद चौक से भ्रमण करते हुए सभा स्थल में एसडीएम को ज्ञापन सौपा गया । राजेन्द्र बघेल, देव सिंह, डॉ विनय साहू, युसूफ कुमार, महेश साहू, मोहन वाल्मीकि, सपना साहू, भाग सिंह साहू, लालचंद पटेल, मनोज यादव, ज्ञानेश्वर कुर्रे, ओम सोनवानी, दीपक चंद्राकर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अंगदान महोत्सव पर केन्द्रित पोस्टर प्रदर्शनी उद्घाटित



**भिलाई, 2 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन चिकित्सालय और जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सिविक सेंटर स्थित, नेहरू आर्ट गैलरी में अंगदान महोत्सव 2023 पर केन्द्रित पोस्टरों की प्रदर्शनी के उद्घाटन भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता ने भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा विभाग को इस पहल के लिए शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि हम आगे भी ऐसे पहल करते रहना है7 अंगदान एक पुण्य का काम है और हम सबको इसके लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रविंद्रनाथ एम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव पाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर समेत वरिष्ट चिकित्सकगण और अन्य मेडिकल स्टाफ व जनसाधारण उपस्थित रहे। शुरुआत गुब्बारे छोड़कर किया गया। इसके बाद नेहरु आर्ट गैलरी में दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम को गति प्रदान की गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रविंद्रनाथ एम ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि अंगदान महादान है। हमारे देश में वर्तमान में लाखों लोगों को अंगों की जरूरत है किंतु उसमें से केवल 10 प्रतिशत की उपलब्धता ही देश के पास है। इसलिए हम सब को अनुदान के लिए बढ़-चढ़कर आगे आना होगा। मुख्य अतिथि के द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी के विजेताओं (विभिन्न विभाग की टीम) को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता की माता सेक्टर 09 स्थित जेएलएन चिकित्सालय में छत्तीसगढ़ के पहले स्किन बैंक की पहली दाता रहीं हैं। जो कि न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पुरे सेल अस्पतालों में की गयी पहली पहल है, साथ ही श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता द्वारा अपनी माता की आँखे भी दान की गई है। इस पहल में अंगदान की घोषणा सर्वप्रथम डॉक्टर माला ने की। कार्यक्रम में अंगदाता सतीश भटगाकर और एक अंगग्राही परमेश्वर सिक्का भी उपस्थित थे जिन्होंने अपनी आपबीती सबके समक्ष साझा की। संचालन श्रीमती रजनी रजक तथा डॉ जॉली मैथ्यू ने किया।

### डॉ सुरेश चंद्र पाण्डेय ने आरआईएनएल में निदेशक का पदभार किया ग्रहण



**भिलाई, 2 अगस्त।** डॉ. सुरेश चंद्र पाण्डेय को निदेशक (कार्मिक), आरआईएनएल को निदेशक (वित्त) राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के पद का अतिरिक्त प्रभार देकर 1 अगस्त 2023 से 03 जुलाई 2024 तक 01 साल की अवधि के लिए या नियमित पदधारी के कार्यभार ग्रहण करने तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक के लिए नियुक्त किया गया है। पीईएसबी ने फरवरी में उनकी सिफारिश की थी। 8 उम्मीदवारों के साक्षात्कार के बाद डॉक्टर पाण्डेय का चयन किया गया है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की सलेम इकाई में मुख्य महाप्रबंधक (पी एंड ए) के पद पर कार्यरत रहे डॉ. सुरेश चंद्र पाण्डेय ने 11 मई को विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र की कॉर्पोरेट इकाई और नवरत्न पीएसई राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) के रूप में पदभार ग्रहण किया था। डॉ. सुरेश चंद्र पाण्डेय ने स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद, 1989 में सेल से जुड़े ।

फसल



### अच्छी बारिश से किसानों में खुशी

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में कई गांवों में किसानों ने बताया की बहुत अच्छी बारिश हुई है और उम्मीद है की इस बार धान की पैदावार बहुत अच्छी होगी ।

### जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए किया जा रहा घर-घर सर्वे



**भिलाई, 2 अगस्त।** नगर पालिक निगम क्षेत्र में जलजनित बिमारियों के रोकथाम के लिए संपूर्ण क्षेत्र के घरो का सर्वेक्षण कर कूलर, बेकार में पड़े टायर प्लास्टिक के बॉटल, तथा कबाड़ सामग्री से पानी खाली कराकर मैलाथियान का छिड़काव व टेमिफॉस का वितरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम द्वारा लोगों को पानी उबालकर पीने बासी भोजन तथा सड़े गले फल का प्रयोग नहीं करने की समझाइश दी जा रही है। महापौर नीरज पाल एंव आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम का स्वास्थ्य अमला निगम क्षेत्र में सघन अभियान चला कर जलजनित बीमारी डेंगू, मलेरिया, पीलिया से बचाव के लिए कार्य कर रही है। डेंगू एवं मलेरिया के नियंत्रण के लिए तथा मच्छर उन्मूलन के लिए कर्मचारी अलग-अलग वार्ड के क्षेत्रों में निरीक्षण करते हुए टेमिफॉस और मैलाथियान का छिड़काव कर रहे है। निगम की टीम घनी आबादी, निचली बस्ती में मच्छर उन्मूलन का अभियान चलाया रहे है। इस दौरान एडल्ट मच्छर की रोकथाम के लिए मेलाथियान का स्प्रे भी कर रहे है। इसके साथ ही जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु जन जागरूकता के तहत लोगों को डेंगू, मलेरिया एवं पीलिया से बचाव के लिए पंपलेट का वितरण करते हुए प्रचार-प्रसार कर रहे है। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कि सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में जल जनित बीमारियों एवं डेंगू से रोकथाम हेतु निगम का अमला पन्द्रह हजार से अधिक घरों का सर्वे कर लोगो को विशेष रूप से डेंगू मलेरिया से बचाव के उपायों की जानकारी घर-घर पहुँच कर दे रहे है।

## संभागीय योग शिविर में 240 प्रशिक्षणार्थियों को दिया प्रशिक्षण


■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,2 अगस्त।** राज्य स्तरीय संभागीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समाज कल्याण मंत्री छ ग शासन श्रीमती अनिला भेड़िया के मुख्य आतिथ्य व योग आयोग अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा के अध्यक्षता व छत्तीसगढ़ योग आयोग सदस्य रविन्द्र सिंह ठाकुर व राजेश नारा के विशिष्ठ आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। दुर्ग संभाग के विभिन्न जिलों से आए 240 प्रशिक्षणार्थियों ने लिया योग आयोग द्वारा आयोजित निःशुल्क 7 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में दूर्ग जिले से धीरेंद्र कुमार वर्मा , मेघेश सोनी ,शिशिर साहू, पुष्पेन्द्र पटेल, पूर्वी पटेल, भूमिका साहू ने भाग लिया। सभी प्रशिक्षु योगाचार्य ने योग को जन जन तक पहुंचाने लिया संकल्प। कार्यक्रम के शुभारंभ मे अतिथीयो द्वारा दीप प्रज्वलन कर राजकीय व माँ भारती के गीत गाये ।इसके पश्चात श्री एम एल पाण्डेय, सचिव छत्तीसगढ़



योग आयोग ने बताया कि आयोग किस तरह जनता की स्वास्थ्य के लिए कार्य करते हुए उत्तरोत्तर भारत में अपनी पहचान बना रही है। आपने छत्तीसगढ़ योग आयोग के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला । अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा संभागीय साप्ताहिक निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में रायपुर, बिलासपुर ,बस्तर सरगुजा के पश्चात दुर्ग संभाग का पांचवा योग शिविर है। इन आवासीय शिविरों के माध्यम से हम छत्तीसगढ़ में लगभग 700 योग के मास्टर ट्रेनर तैयार कर चुके हैं। जो अपने अपने क्षेत्रों में जाकर निशुल्क योग कक्षाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ वासियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए योग कक्षा खोलेंगे। आयोग जनता में योग के प्रति निरंतर जागरूकता लाने का प्रयास कर रही है।योग के प्रचार प्रसार हेतु 8 सितंबर 2023 को रायपुर में हजारों लोगों का सेतुबंधासन का प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ योग आयोग गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने हेतु प्रयास करेगी ।आपने कहा कि योगाभ्यास के साथ-साथ इन योग शिविरों में छत्तीसगढ़ के कुशल योग विशेषज्ञों के माध्यम से योग के विभिन्न पहलुओं का ज्ञान वर्धन शिक्षा सत्र भी दिया जाता है। माननीय मुख्य अतिथि श्रीमती अनिला भेड़िया में कहा कि योग जीवन का अनिवार्य अंग बन गया है ।योग करने से हम शारीरिक, मानसिक सभी प्रकार की बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं ।वर्तमान में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा ज्ञानेश शर्मा को अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह राजेश नारा गणेश योगी को सदस्य बनाए जाने के पश्चात योग के प्रचार प्रसार एवं योग प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ योग आयोग देश में अपना विशेष पहचान बनाई है । इस अवसर पर रविंद्र सिंह सदस्य छत्तीसगढ़ योग आयोग, ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग ना केवल रोगों को मिटाता है बल्कि रोगों से बचाता है । राजेश नारा ने कहा कि योग रोगों के मुख्य कारण वात ,कफ एवं पित्त संतुलन कर हमें निरोगी बनाता है। उद्बोधन बाद मंत्री अनिला भेड़िया को सम्मानित किया गया तथा अंत में श्री पंकज वर्मा (अपर संचालक )समाज कल्याण विभाग ने सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया । तत्पश्चात सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया ।योग विशेषज्ञों में मुख्य रूप से डॉक्टर भगवंत सिंह , डॉक्टर मृत्युंजय राठौर , छब्बी राम साहू ,दिनेश नाग, ज्योति साहू, सीएल सोनवानी, लच्छू राम निषाद, राज कुमार शर्मा ,मूलचंद शर्मा दिलीप पाणिग्रही, डॉ मीना पिन जानी,रजनी पिनजानी, अशोक शर्मा के साथ-साथ 70 वार्डो के योग्य शिक्षक गण उपस्थित हुए। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ योग आयोग के श्याम सुंदर रैदास गौरव कुमार देवांगन (लेखाधिकारी) रविकांत कुंभकार ( योग प्रभारी ) बिलासपुर से अनिल चंदेल केशव गोरख कर्ण सिंह राकेश केशरी सतीश बरेठ भी उपस्थित हुए ।

### रेलवे अधिकारिक टीम ने भिलाई इस्पात संयंत्र का किया अवलोकन



**भिलाई, 2 अगस्त।** भारत सरकार की दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने 01 अगस्त को अधिकारिक उद्देश्य से भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया। इस टीम में (सीएफटीएम, बिलासपुर) सैयद अब्दुल रहमान, (सीनियर डीओएम, रायपुर) पुलकित सिंघल, (एआरएम, भिलाई) स्वप्निल कुमार सूर्यवंशी, (सीडीटीआई/बीएमवाई) धुबल कुमार बेहरा एवं (सीएच. डीटीआई /रायपुर) महेंद्र कुमार रथ शामिल थे। टीम ने संयंत्र भ्रमण क दौरान के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार से भी मुलाकात की। टीम के सदस्यों ने भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न उत्पादक इकाईयों का अवलोकन किया और संयंत्र के निष्पादन के बारे में जानकारी ली।

# सेमियालाता के पौधे में लाख उत्पादन कर क्षेत्र के किसान हो रहे हैं समृद्ध

**रायपुर, 2 अगस्त।** राज्य के वनांचल क्षेत्रों में लाख की खेती, आज कई ग्रामीण किसान परिवारों के लिए आय का जरिया बन रहा है। प्रदेश के कई जिले के किसान भी लाख का उत्पादन कर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं। दंतेवाड़ा जिले में हीरानार व जोड़ातराई ग्राम के किसानों ने भी सेमियालाता के पौधे में लाख उत्पादन कर समृद्ध हो रहे है। हीरानार व जोड़ातराई ग्राम के किसानों को एक-एक एकड़ में सेमियालाता लगाने दिया गया था, जिसमें हीरानार के किसान ने 25 हजार व जोड़ातराई के किसान ने 35 हजार रुपये, पहले वर्ष लाख बेच कर कमाया है।



किसानों का कहना है कि सेमियालाता के पौधा का उचित प्रबंधन से प्रत्येक वर्ष उत्पादन में वृद्धि होती है, साथ ही इस पौधे के बीच में अंतरवर्ती फसलों की भी खेती की जा सकती है, इस पौधा का बेहतर प्रबंधन कर किसान अच्छी आय का सृजन कर सकते हैं। जिले में लाख का उत्पादन एक अच्छा लघु उद्योग है, जिसे किसान जंगलो में उपलब्ध कुसुम, बेर या पलाश के पौधों से प्राप्त करते हैं। ये पौधे लगभग बड़े होने के कारण प्रबंधन में थोड़ी परेशानी आती है जिससे उत्पादन भी कम होता है, व पर्याप्त रूप से उत्पादन नहीं ले पाते थे। लेकिन कृषि विज्ञान केंद्र, गीदम की पहल से लाख उत्पादन हेतु सेमियालाता पौधा का परिचय किसानों को कराया गया और इसके प्रबंधन के लिए विस्तार से जानकारी दी गई।

सेमियालाता एक प्रकार का ऐसा पौधा है जो पांच से सात फीट तक ऊँचा होता है, इसे पड़ती बंजर भूमि में भी इसकी खेती की जा सकती है। इस पौधे में पानी की कम जरूरत होती है और अधिक ऊंचाई न होने के कारण इसमें आसानी से लाख कीट पाला जा सकता है व इसका प्रबंधन भी सरलता से कर सकते हैं। इस पौधे से साल में दो बार उत्पादन लिया जा सकता है, सेमियालाता आने वाले समय में लाख उत्पादन का एक अच्छा साधन बन सकता है।

# धरपकड अभियान के दौरान पकड़े गए 12 घुमंतू मवेशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 अगस्त।** घुमंतु मवेशियों की धर पकड के तहत नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान में नगर निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज शहर के बाह्य प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो से 12 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है। निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी। शासन द्वारा भी रोका छेका अभियान के तहत घुमन्तु पशुओं को पकड़ने एवं पशु मालिकों को अपना मवेशी घर में बांध कर रखने समझाईस देने के निर्देश दिये गये है। निर्देश के अनुक्रम में निगम द्वारा धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने टीम गठित किये है, गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज बाह्य प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो जय स्तम्भ चौक, गुरूद्वारा चौक, ठा. प्योरलाल स्कूल चौक, पाताल भैरवी मंदिर के सामने, खैरागढ रोड, महावीर चौक, रेल्वे स्टेशन रोड, पुराना बस स्टैण्ड चौक, रामाधीन मार्ग से घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड के तहत 12 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जाता है।



## एक नजर

### बरसते पानी में भी घर-घर पहुंचे कन्हैया



**रायपुर 2 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल लगातार रायपुर दक्षिण विधानसभा के हर गली मोहल्ले में पहुंचकर कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनके घरों में नेम प्लेट लगाने के साथ ही क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे हैं । आज बरसते पानी में चंद्रशेखर आजाद वार्ड के जोगी नगर, तरुण नगर ,अयोध्या नगर ,साहू कांप्लेक्स ,चौरसिया कॉलोनी, रावतपुरा कॉलोनी, ब्रिज नगर, अटल नगर, गोकुल नगर, अर्जुन एनक्लेव का उन्होंने दौरा किया । मेरा विश्वास आपका साथ कार्यक्रम के तहत स्वामी विवेकानंद वार्ड ,महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड और शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड में चार दिन लगातार कार्यकर्ताओं के घर जा जाकर नेम प्लेट लगाई गई । जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप से वार्ड अध्यक्ष बंसी कन्नौजे ,मनोज पाल ,सागर वाकडे ,जावेद दद्दा, दिनेश साहू ,राजेश यादव, नागेंद्र वोरा, शरद गुप्ता ,राजेश पाठक, मुकुंद कागदेलवार, मनोज सोनकर, रवि शर्मा,शैलेश श्रीवास्तव ,राजा दानी ,आनंद पंचाल ,सुशील बरोरे, राजेश त्रिवेदी, मोहम्मद सिद्दीक, विकास तिवारी, राजेश विश्वकर्मा, संजय ठाकुर, वैभव मुझेवार, दिनेश साहू ,संजू पाल ,नरेश साहू ,लेख राम साहू ,संगीता चंद्राकर, सुशीना ,रूबी यादव, संतोषी निर्मलकर उपस्थित थे ।

### भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पोस्टर विमोचित



**अंवरी 2 अगस्त।** 30 जुलाई को राजीव भवन रायपुर में माननीय श्री एम.आर.निषाद प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मछुआ कांग्रेस के सानिध्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय मछुआ कांग्रेस की कार्यकारणी बैठक संपन्न हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय मछुआ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय आर्मस्ट्रांग फर्नांडिस सम्मिलित हुए। माननीय एम.आर.निषाद जी ने सरकार की जन कल्याणकारी योजना गांव घर बूथ तक पहुंचाने कुरूद विधान सभा के लिए पोस्टर तैयार किया गया जिसमें सबकी सहमति से यह पोस्टर संपादित हुआ। जिसे मछुआ कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री सेवक राम तारक अपने साथियों के साथ डोर टू डोर गांव गली में पहुंच कर पोस्टर वितरण या चस्पाकर हर गांव में शिव मंदिर के पास बेल का पौधा लगाएंगे इस तरह सरकार की योजना को जन जन तक पहुंचाएंगे साथ में संतोष हिरवानी, दीनदयाल मत्स्यपाल, संतोषी निषाद, मनोज भतपहरी, दिलीप साहू, भुनेश्वर साहू, श दुलारवा साहू, जयनारायण बाघमार, फत्ते लाल तारक, रवि साहू, आदि ने कार्यक्रम में विशेष रूप से सहयोग दिये।

### होलसेल कॉरिडोर के लिए चेम्बर ने किया पात्रता प्रमाणन समिति का गठन

**रायपुर 2 अगस्त।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी की अध्यक्षता में पात्रता प्रमाणन समिति का गठन किया गया जिनके द्वारा होलसेल कॉरिडोर हेतु आए डिमांड फार्म की सूक्ष्मता से उनकी वैधानिकता की जांच की जायेगी। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने बताया कि दक्षिण मध्य एशिया का सबसे बड़ा होलसेल कॉरिडोर हेतु नवा रायपुर में 1000 एकड़ जमीन का लैंड यूज चेंज हो चुका है। एनआरडीए द्वारा व्यापारिक संघों/एसोसिएशनों से डिमांड फार्म भी मंगाए गए हैं जिसके परिपेक्ष्य में विभिन्न एसोसिएशनों द्वारा भूमि आबंटन हेतु बड़ी मात्रा में डिमांड फार्म चेंबर कार्यालय को प्राप्त हुए हैं। पारवानी जी ने आगे बताया कि इस समिति का यह दायित्व होगा कि होलसेल कॉरिडोर की प्रक्रिया को सरल करने प्राप्त डिमांड फार्म का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया जाएगा ताकि आवेदकों को अन्य किसी परेशानियों का सामना ना करना पड़े। पात्रता प्रमाणन समिति में प्रमुख रूप से चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष- राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल,उपाध्यक्ष-अमृत लाल पटेल, नरेन्द्र हरचंदानी, हीरा माखीजा, कन्हैया लाल गुप्ता, पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, टी.श्रीनिवास रेड्डी, महेश दरयानी, मनोज कुमार जैन, मंत्री- शंकर बजाज, नीलेश मूंधड़ा, दिनेश पटेल, राजेन्द्र खटवानी, लोकेश साहू, जितेन्द्र गोलछा जैन, प्रशांत गुप्ता, राकेश वाधवानी रहेंगे।

# संगठन के प्रति समर्पित नेता थे उदय मुदलियार:पाटिला

**राजनांदगांव 2 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 31 जुलाई सोमवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में शहीद स्व.उदय मुदलियार जी की जयंती पर संगोष्ठी सभा आयोजित कर पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए उनके योगदानों को याद किया गया।

संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि संगोष्ठी सभा में सर्वप्रथम शहीद स्व.मुदलियार जी की तैलचित्र पर माल्यापर्ण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर स्व.मुदलियार अमर रहे के नारे लगाते हुए संगोष्ठी सभा की शुरूआत हुई। इस दौरान अंत्याव्यवसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम बोर्ड के अध्यक्ष धनेश पाटिला ने शहीद स्व. उदय मुदलियार को नमन करते कहा कि स्व.उदय जी छात्र



जीवन से राजनीति की शुरूआत करते हुए लगातार संगठन के प्रति समर्पित रहे। संगठन ने जो भी उन्हें जिम्मेदारी दी वह बखूबी निभाया। हमने एक निष्ठावान साथी खो दिया जो गरीब किसानों के हक के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। एक विधायक के तौर अपनी अमित छाप छोड़ी है वे सैदव युवाओं को संगठित व आगे बढ़ाने प्रयासरत रहे हैं। हमने आज यह संकल्प लिया है कि उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर उनके सपनों को साकार करेंगे। खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल ने अपने साथ बिताएं पलों को याद करते हुए कहा कि छात्रजीवन से राजनीति शुरू करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष फिर शहर अध्यक्ष उसके बाद अविभावित मध्यप्रदेश के विधायक बनकर सबके चहते हुए। उदय जी का सबसे बड़ी खासियत यह रही कि लोगों की अलग-अलग विचार, मतभेद होने के बाद भी उसे संगठित करने की बेजोड़ रणनीति की परख थी। संगोष्ठी सभा को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व बस्तर प्रभारी एवं विधायक शहीद स्व. मुदलियार सफल राजनेता एवं कुशल नेतृत्व के धनी थे। श्री छाबड़ा ने कहा कि वे युवाओं के प्रेरणास्तोत्र थे तथा उनकी कांग्रेस संगठन के प्रति अटूट आस्था थी। उनके बताएं हुए मार्ग पर सभी को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। स्व.मुदलियार जी की कही हुई बातें अविस्मरणीय है। श्री छाबड़ा ने 25 मई 2013 के झीरम घाटी की घटना को याद करते हुए कहा कि यह हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण दिन रहा है ऐसे कांग्रेस के नेता को हमने खोया है जो दिन रात कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में लगे रहते थे।

## बादमाशों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव 2 अगस्त।** 1 जुलाई को विजुअल पुलिसिंग के तहत् प्रभारी पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राजेश कुकरेजा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव लखन पटले के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली, बसंतपुर, ओपी चिखली स्टाफ को फालीन कर सीएसपी अमित पटेल द्वारा अपराधों पर नियंत्रण हेतु शहर के संदिग्ध जगहों पर जाकर चेक कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर चेक किया गया, गुंडा बदमाश निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वो पर सतत् निगाह रखते हुये शहर के विभिन्न आउटर क्षेत्र सुनसान संदिग्ध जगहो पर जहा असमाजिक तत्वों द्वारा नशीले पदार्थो का सेवन करने के संभावित इलाकों में भ्रमण कर दबिश दी गई।



## छत्तीसगढ़ राज्य फार्मेसी काउंसिल के सदस्य बने राहुल तिवारी

**छूरिया 2 अगस्त।** जिला कांग्रेस के प्रवक्ता एवं राजनांदगांव जिला कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राहुल तिवारी को छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल के सदस्य के रूप में नई जिम्मेदारी मिली है। सदस्य मनोनीत होने पर कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं सहित शुभचिंतकों ने राहुल तिवारी को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित कर खुशी व्यक्त की। राहुल तिवारी ने कहा मुझे छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल का सदस्य के रूप में मनोनीत करने पर छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय भूपेश बघेल जी, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री आदरणीय टी एस सिंहदेव जी, खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू जी सहित मेरे वरिष्ठ नेतागण, मेरे मार्गदर्शक एवं मेरे सभी शुभचिंतकों को हृदय की गहराइयों से कोटि-कोटि धन्यवाद। आपका प्यार, आशीर्वाद, शुभकामनाएं ही मेरी प्रेरणा है। इस नई जिम्मेदारी पर अच्छा कार्य कर आपकी उम्मीदों पर पूर्णता खरा उतरूंगा।

## स्वंय के आवास निर्माण के लिये 5 अगस्त तक निगम में दावा आपत्ति

**राजनांदगांव 2 अगस्त।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान (बी एल सी) के तहत स्वयं के द्वारा आवास निर्माण के लिये राजनांदगांव नगरीय निकाय में कुल 9125 आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई है इन 9125 स्वीकृति आवासों में शासन से प्राप्त निर्देशानुसार सन 2022 से पूर्व जितने भी आवास स्वीकृत हुए हैं उन स्वीकृत आवासों में जिन हितग्राही द्वारा रुचि ना दिखाते हुए अपने आवास निर्माण नहीं करने पर उनके स्वीकृत आवासों को निरस्त करने हेतु शासन को सूची के साथ नाम प्रेषित किया जाना है। इस संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि जिन हितग्राहियों के द्वारा आवास निर्माण के लिये रूचि नहीं ली जा रही है उसे निरस्त करने शासन को नाम प्रेषित किया जाना है। नाम प्रेषित करने से पूर्व निकाय द्वारा सभी वार्ड पार्षदों को उक्त संबंध में जानकारी देकर हितग्राहियों से आवास निर्माण करने प्रेरित करने सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि उन चयनित हितग्राहियों जिनके द्वारा आवास निर्माण हेतु रुचि नहीं दिखाई जा रही है एवं अन्य कारणों से जिनके आवास निर्माण नहीं हो पा रहे हैं ऐसे सभी 582 हितग्राहियों के नाम दावा आपत्ति के रूप में सूची जारी करके निगम के सूचना पटल एवं एमसीआर जन पोर्टल पर सर्वसाधारण के अवलोकन हेतु चस्पा किया गया है। सूचना मिलने के उपरांत या जानकारी प्राप्त होने के बाद दावा आपत्ति के लिये सूची जारी की गयी है। इस सूची में जो भी हितग्राही अपना स्वयं का आवास का निर्माण करना चाहते हैं वे 5 अगस्त 2023 शाम 5 बजे तक निगम कार्यालय में अपनी सहमति के साथ उपस्थित होकर अपने स्वीकृत आवास को नाम काटने कि प्रक्रिया में से अपने आवास के नाम को हटवा कर अपना आवास निर्माण करवा सकते हैं। निर्धारित तिथि उपरांत शासन को सूची प्रेषित की जावेगी।

# कांग्रेस सरकार ने दैनिक वेतनभोगी,संविदा कर्मचारी के भविष्य के साथ किया छलावा

**रायपुर 2 अगस्त।** कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में आने के पूर्व राष्ट्रीय व राज्य स्तर के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में आकर जन घोषणा पत्र तैयार करवाया और स्वीकृती दी, जगह जगह प्रचार प्रसार किया गया, बड़े बड़े होर्डिंग लगवाये गये कि अनियमिती/दैनिक वेतन भोगी/संविदा कर्मचारियों को किया जायेगा नियमित! वही जन घोषणा पत्र के बिन्दु क्रमांक 11. में लेख किया कि अनियमित/दैनिक वेतन भोगी/संविदा कर्मचारियों की रिक्त पदों पर नियमितीकरण कि जायेगी एवं किसी कि भी छटनी नही कि जायेगी! जब जन घोषणा पत्र बनाये तब कांग्रेस की पार्टी ने यह नही सोंचा कि नियमितीकरण के मामले कोर्ट की पेंच फंसेगी न्यायालय की पेंच फंसेगी, सत्ता हांसिल करने के लिये एकाएक झुठी घोषणा पत्र तैयार कर दिया, जब सरकार बन गई तो नियमितीकरण करने में सरकार की पसीना छुट रही है, न्यायालय की अवमानना हो जायेगी, नियम नही है कहते है मुख्य मंत्री, व मंत्री, नेतागण नियम विरूद्ध है कहते है! जब महेन्द्र कर्मा के पुत्र के डिप्टी कलेक्टर बनाये तो कोई नियम विरूद्ध नही हुआ, किस कानुन व संविधान में लिखा है कि किसी नेता के दिवंगत होने पर उनके बेटे रिस्तेदार को कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर बनाया जायें! उस समय सारे नियमों को दरकिनार करते हुये एकाएक फैसला लेकर पार्टी ने पद से नवाजा है, आज दैनिक वेतन भोगियों /संविदा कर्मचारियों की नियमितीकरण की बात होती है तो कोर्ट का अवमानना होगा कहते है! भर्ती नियम का पालन नही किया गया है इसलिये नियमितीकरण संभव नही है कहते है, अगर आपकी व आपके पार्टी की, मानसिकता सही है नियमितीकरण करने की तो सबको कार्यदिनांक से नियुक्ति आदेश देते हुये नियमितीकरण कर सकते है कार्य अवधि को नियुक्ति दिनांक मानते हुये नियमितीकरण किया जा सकता है लेकिन नही, सरकार की मनसा ही नही है कि वो नियमितीकरण करें! छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी फेडरेशन के पदाधिकारी व संविदा कर्मचारियों के प्रतिनिधी मंडल ने माननीय श्री रविन्द्र चौबे संसदीय कार्य मंत्री छ. ग. शासन से मुलाकात कर नियमितीकरण किये जाने का निवेदन किया, जिस पर उन्होने एक टुक जवाब दिया कि नियमितीकरण अब संभव नही है इसके संबंध में मैं कुछ नही कह सकता, बजट सत्र तो निकल गया अब क्या अपेक्षा रखते हो कुछ नही होने वाला है कहा गया! वही माननीय श्री राजेश तिवारी संसदीय सलाहकार से मुलाकात कर निवेदन किया गया और पुछ गया कि सरकार दैनिक वेतन भोगियों /संविदा कर्मियों के लिये क्या सोंच रही है जिस पर उन्होने भी कहां नियमितीकरण किसी भी हाल में संभव नही है, सरकार नही कर रही है नियमितीकरण भ्रम में मत रहो कहा गया वही पेपर में हो रहे प्रकाशन के संबंध में भी पुछा गया की 15 अगस्त को घोषणा कर सकते है मुख्य मंत्री यही छप रहा है कुछ चैनलों में दिखा भी रहे है।

# जुआ खेल रहे जुआड़ियों पर डोंगरगढ़ पुलिस की कार्रवाई

**डोंगरगढ 2 अगस्त।** पुलिस को रेल्वे चौक में चल रहें जुआ फड़ पर रेड कार्यवाही कर 03 जुआडियो पर कार्यवाही करने में सफलता हासिल हुई है। ज्ञात हो थाना डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ जुआड़ी ताश के पत्तो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है और टीम तैयार कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। उक्त टीम के द्वारा रेलवे चौक साईकिल स्टैंड के समीप पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान 03 जुआडी जुआ खेलते रंगे हाथ पकडे गये जिनके पास से कुल 1740/रू नगद एवं ताश के पत्ते बरामद किया गया। जिन्हे पूछताछ करने पर अपना नाम राजेश्वर वर्मा पिता सम्पत वर्मा, बलराम बिलिया पिता शिवप्रसाद बिलिया, छबिलाल सिन्हा पिता नवलूराम सिन्हा बताया व आरोपियो के द्वारा रूपये पैसो का दांव लगाकर जुआ खेलना स्वीकार किया गया है। उक्त 03 आरोपियो के विरूध्द छ.ग. राज्य जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 5 व 13 जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है।



# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने संविदा कर्मियों को किया आश्वस्त:हारुन मानिकपुरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 1 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में राजनिती सरगर्मी पर है, संविदा/ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी/अनियमित कर्मचारी हड़ताल पर है और कुछ संगठन अगस्त से ही हड़ताल में जाने वाले है! वहीं भारतीय जनता पार्टी ने समस्त संगठन के पदाधिकारियों से मिलकर पूर्ण रूप से आश्वासन दिया है कि भारतीय जनता पार्टी नियमितीकरण एवं स्थायीकरण के मांग को अपनी जन घोषणा पत्र में सामिल करेगी और सरकार बनते ही नियमितीकरण करेगी! 15 अगस्त को अनियमित /दैनिक वेतन भोगी/संविदा कर्मचारियों को लेकर बड़ी घोषणा पर अरुण साव का पलटवार, कहा- यह सरकार कुछ करने वाली नहीं केवल ठगने का काम कर रही है, काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़तीज्अगस्त को अनियमित/दैनिक वेतन भोगी/संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की घोषणा को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि यह सरकार कुछ करने वाली नहीं है. काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती. सरकार ने हर वर्ग को ठगा और धोखा दिया है. लेकिन चला-चली की बेला में कुछ भी घोषणा कर सकते हैं ,लेकिन आदेश नही? जिस प्रकार से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी/अनियमित/संविदा कर्मचारी छला जा रहा है अब छत्तीसगढ़ की जनता माफ करने वाली नही है, वादा करके वादा से मुकरना धोखा देना उचित नही है, छत्तीसगढ़ की जनता भी मानसिक रूप से तैयार है! भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय टीम में छत्तीसगढ़ के नेताओं को जगह मिलने पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इस निर्णय से छत्तीसगढ़ का महत्व बढ़ा है. इससे पार्टी की ताकत बढ़ेगी, और मजबूती मिलेगी. इसके साथ ही इस संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वे घबराए और डरे हुए हैं. जनता का सामना नहीं कर पा रहे हैं, मंत्री और विधायक डरे हुए हैं, इसलिए इस तरीके की बातें करते हैं.सीएम भूपेश बघेल द्वारा छात्र संगठन चुनाव कराए जाने की घोषणा पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा वीर हो गए हैं. छात्र संगठन चुनाव कराने की बात उन्हें 5 साल तक याद नहीं आई. जाते-जाते भी अब युवाओं को ठगना चाह रहे हैं जैसे की दैनिक वेतन भोगी/अनियमित/संविदा कर्मचारियों को ठगा है, पांच साल युवाओं को धोखा देने, ठगने का काम किया है. वहीं बस्तर के विधायकों की सुरक्षा हटाए जाने पर अरुण साव ने कहा कि सुरक्षा वापस लेने का काम राज्य सरकार कर रही है. सुरक्षा हटाकर पूर्व विधायकों को परेशान करने का काम किया जा रहा है। सुरक्षा का गंभीर विषय है.

**जनता से फीडबैक लेकर देंगे टिकट:** 90 विधानसभाओं में भाजपा की यात्रा पर अरुण साव ने कहा कि चुनाव की दृष्टि से अलग-अलग कार्यक्रम किए जा रहे हैं. यात्रा निकालकर जनता के बीच जाएंगे।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी परंपरा पर गर्व का एक और अवसर दिया है: जितेंद्र मुदलियार



**राजनांदगांव 2 अगस्त।** राजनांदगांव विधानसभा के ग्राम सिंघोला, सांकरा, भर्रेगांव और इंदामरा में अलग ङ्क अलग आयोजित जोन स्तरीय छत्तीसगढ़ ओलंपिक आयोजनों में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने राजीव युवा मितान क्लब व खेल विभाग के तत्वावधान में संपन्न हो रही इन स्पर्धाओं की सराहना की। प्रदेश के पारंपरिक खेलों के लिए आयोजित छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के आयोजनों में शामिल होने पहुंचे युवा आयोग अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार का जगह ङ्क जगह युवाओं ने स्वागत किया। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने भी उनका अभिवादन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मुदलियार ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ङ्क मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की मंशा रही है कि चहूं ओर हमारे प्रदेश की माटी, संस्कृति और परंपरा की खुशबू फैले। छत्तीसढ़िया ओलंपिक का आयोजन भी इससे जुड़ी हुई एक कड़ी है। आज सियान, जवान से लेकर बच्चे तक इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं और अपना हुनर साबित कर रहे हैं। आज से पहले ऐसा मौका उन्हें कभी मिला ही नहीं था। इस खेल ने लोगों को अपनी परंपरा पर गर्व का एक और अवसर दिया है जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। इस दौरान युवा आयोग अध्यक्ष मुदलियार ने प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण भी किया।

# उदयपुर में विक्रांत सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम की मन की बात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खैरागढ़ 2 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को लाइव प्रसारित होने वाले कार्यक्रम मन की बात के 103 वे एपिसोड को प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने छुईखदान मंडल के ग्राम उदयपुर में भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं व ग्रामवासियों के साथ कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुना.मन की बात कार्यक्रम से प्रधानमंत्री ने बाबा अमरनाथ व काशी विश्वनाथ में पर्यटकों की बढ़ती संख्या, एक दिन में उत्तरप्रदेश में 30 करोड पौधरोपण के रिकॉर्ड देशभर में नवनिर्मित अमृत सरोवरों माध्यम से जलसंरक्षण व संवर्धन नशामुक्ति हेतु चलाए गए अभियान मुस्लिम महिलाओं के हज यात्रा सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचारों को साझा किए। मन की बात में राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की कुछ माताओं और बहनों ने पत्र मुझे लिखे है ये भावुक कर देने वाले हैं। मोदी ने कहा, %उन्होंने अपने बेटे को, अपने भाई को, खूब सारा आशीर्वाद दिया है। उन्होंने लिखा है कि %उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी, कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर रहा भोजपत्र उनकी आजीविका का साधन बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भावी पीढ़ी को नशे के चुंगल से बचाने का आह्वान करते हुए कहा कि इसके लिए मिलकर और सभी स्तरों पर प्रयास करने होंगे। मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश में वर्ष 2020 से नशा मुक्ति अभियान चल रहा है। इसमें युवा बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और इसे सफलता मिल रही है। उन्होंने जम्मू कश्मीर, पंजाब, चंडीगढ़ और मध्य प्रदेश में नशा मुक्ति अभियानों और उनकी सफलताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके लिए सभी को एक साथ जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में म्यूजिकल नाइट्स, ऊंची पहाड़ियों पर बाइक राइड्स, चंडीगढ़ में स्थानीय क्लब और पंजाब में खेल समूह नशा मुक्ति अभियान का परिणाम है। इनसे युवाओं को नशे के चुंगल से बचाने में मदद मिल रही है। मोदी ने आगे कहा कि देश मे वीर शहीदों के सम्मान में मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू होगा। श्री साहू ने कहा कि मोदी सरकार हमेशा से ही महिलाओं का सम्मान और उनके उत्थान के लिए काम करती आई है और उसका परिणाम देखने को मिला जब 4 हजार से अधिक मुस्लिम महिलाओं ने बिना पुरुष साथी या मेहरम के हज किया यह देश मे बड़ा बदलाव है इस दौरान छुईखदान नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास वैष्णव, पूरण जंघेल, अरविंद शर्मा, आंनद सिन्हा,ललित चोपड़ा, रामकुमार जंघेल, अशोक साहू ,अशोक पाल, नवनीत जैन, दिवाकर सोनी, किरण गुप्ता, शशि देवी जंघेल, आयश सिंह, मिनेश जंघेल, दिवाकर सोनी, अवधराम, कुटेली सरपँच धुर्वे, जैनेंद्र जंघेल, सूर्यकांत वैष्णव, संदीप वैष्णव, विक्रांत चंद्राकर, जयप्रकाश साहू, राकेश वर्मा, रेखचन्द वर्मा, समारू जंघेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।



संपादकीय

## समानता का व्यवहार जरूरी

केंद्र सरकार,अदालत,चुनाव आयोग आदि कुछ संस्थाएं ऐसी होती हैं जिनसे देश और देश के लोग समानता के व्यवहार की उम्मीद करते हैं,न्याय की उम्मीद करते हैं। वह मानते हैं कि यह संस्थाएं सर्वोच्च है, इसलिए यह किसी के साथ भेदभाव नहीं कर सकते। इसलिए यह तमाम संस्थाएं जब कोई फैसला करती है तो उनके फैसले से ऐसा देश के लोगों को लगना भी चाहिए। अगर इन संस्थाओं के किसी फैसले से देश के लोगों को यह लगता है कि इन संस्थाओं ने किसी के साथ पक्षपात किया है तो देश के लोगों में इन संस्थाओं की विश्वसनीयता कम होती जाती है। उस पर तरह तरह के आरोप लगाए जाते हैं। जब भी इन संस्थाओं के फैसले से देश के लोग आरोप लगाते हैं तो यह माना जाता है कि इन संस्ताथाओं ने अपना काम ठीक से नहीं कियाा है। हाल ही में अदालत ने जब मणिपुर हिंसा के मामले में स्वतः संज्ञान लिया कि मणिपुर में जो कुछ हुआ है, वह भयावह है। उसने यहां तक कह दिया कि अगर केंद्र सरकार इस मामले में कुछ नहीं करती हैं तो अदालत खुद कुछ करेगी। इस बात में दो मत नहीं है कि मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाना व सामूहिक रेप की घटना निंदनीय है,चिंता की बात है। इस घटना पर हर कोई यही कहेगा कि ऐसी घटनाएं देश व राज्यों के लिए शर्म की बात है। इस तरह की घटना चाहे मणिपुर में हो, बंगाल में हो,राजस्थान में हो, उसकी निंदा समान रूप से सभी लोगों को करनी चाहिए। किसी भी राज्य में महिलाओं के निर्वस्त्र कर घुमाया जाए वह वह समान रूप से अपराध है,समान रूप से निंदनीय है। इन अपराधों को जब राजनीति व राज्य के हिसाब से देखा जाता है तो देश के लोगों को बुरा लगता है कि सभी जगह महिलाओं को अपमान हुआ है, सभी जगह महिलाओं की इज्जत तार तार की गई है तो देश में सिर्फ मणिुपर को ही भयावह क्यों माना जा रहा है। अदालत के फैसले भी देश के राजनीतिक दलों के फैसले की तरह जनता को लगे तो जनता तो आलोचना करेगी है कि अदालत राजनीतिक दलों की तरह फैसले कैसे कर सकती है। उसकी भाषा देश के राजनीतिक दलों के समान कैसे हो सकती है। अदालत की भाषा से ऐसा लगना नहीं चाहिए कि वह भी किसी मामले मे वहीं कर रही है जो देश के राजनीतिक दल कर रहे हैं। यानी कि राजनीति। यानी कि किसी एक राज्य की घटना को भयावह बताना। ऐसा बताना कि इससे पहले देश मे ऐसी कोई घटना ही नहीं हुई है। अदालत में इस बात को एक वकील ने उठाया। वकील बांसुरी स्वराज ने कोर्ट में कहा कि देश के कई राज्यों में महिलाओं के खिलाफ भयावह अपराध हो रहे हैं। भारत की सभी बेटियों को सुरक्षा की जरूरत है। कोर्ट मैकेनिज्म बनाते वक्त मणिपुर तक सीमित न रहे। इस पर कोर्ट ने माना देश महिलाओं के खिलाफ जो अपराध हो रहे हैं वह दुर्भाग्यपूर्ण हैं। फिर भी कोर्ट ने कहा कि मणिपुर की घटना भयावह है। इसे यह कहकर उचित नहीं ठहरा सकते कि ऐसी घटनाएं दूसरे राज्यों में भी हो रही हैं।कोर्ट ने स्वराज से पूछा क्या आप यह कह रही हैं कि या तो सभी के लिए कुछ करें या किसी के लिए कुछ न करें। इस पर स्वराज ने कहा कि कोर्ट को समान रूप से सभी मामलों में ध्यान देना चाहिए। कोर्ट ने कहा तो है कि हम देखेंगे कि राज्य इन मामलों में क्या कर रहे हैं। जो वकील बांसुरी स्वराज चाहती है वही तो देश की जनता भी चाहती है कि अगर महिलाओं के साथ राज्यों में एक जैसे अपराध हो रहे हैं तो उस पर कोर्ट को कुछ कहना है तो समान रूप से कहना चाहए, कुछ कहना है तो समान रूप से कुछ करना चाहिए। कोर्ट का आचार विचार ऐसा होना चाहिए कि किसी को ऐसा न लगे कि कोर्ट भेद कर रहा है, किसी का पक्ष ले रहा।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आप जिस भी काम को करना चाहेंगे, वो काम बड़े आराम से पूरा होगा। आपको अपनी मान-प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए समाज के कार्यों में सहयोग देना चाहिए। आपको दूसरों के सामने अपनी बात खुलकर रखनी चाहिए। संतान पक्ष से आपको सुख मिलेगा। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। किसी कार्य को पूरा करने में जीवनसाथी की सलाह काम आएगी। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लवमेट्स एक दूसरे की भावनाओं को महत्त्व देंगे।

वृष राशिःआज आपको अपना कार्य पूरा करने में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा। आप परिवार सहित डिनर का आनंद उठाएंगे। आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। इस राशि के छात्रों का आज पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। साथ ही किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनाएंगे। आपके पास कुछ नयी जिम्मेदारियां आएंगी, जिन्हें आप सफलतापूर्वक निभाएंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है।

मिथुन राशिःआज आप अपना काम समय से पूरा करने में सफल होंगे। आपको कोई भी नया कार्य शुरू करने से पहले अपने से बड़ों की राय जरूर लेनी चाहिए। कारोबार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनेगी। उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। आपको नकारात्मक विचारों से भी दूरी बनाए रखनी चाहिए। माता की सेहत में सुधार होगा। आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। लवमेट्स के रिश्तों में मजबूती आएगी। बच्चे घर पर ही अपने स्कूल का काम पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

कर्क राशिःआज माता-पिता अपने बच्चों के साथ घर पर ही समय बिताएंगे। बॉस की बातों को ध्यान से सुनने के बाद ही अपनी कोई राय देनी चाहिए। इस राशि के महिलाओं के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है। आपको थोड़ा आलस्य महसूस होगा। आपको अपना खान-पान हेल्दी रखना चाहिए। कुछ जरूरी मामलों में आप थोड़े भावुक हो सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

सिंह राशिःआज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आपके पारिवारिक रिश्तों में और मधुरता बढ़ेगी। आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। छात्र किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करेंगे। करियर में तरक्की के योग बन रहे

हैं। आपकी सेहत अच्छी रहेगी। कई दिनों से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा, जिससे आप राहत महसूस करेंगे। बिजनेस में आपको मुनाफा होने का योग बन रहा है। दाम्पत्य जीवन में ताल-मेल बना रहेगा। कुल मिलकर आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा।

कन्या राशिःआज आप किसी पुरानी बात को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं, लेकिन शाम तक सब ठीक हो जाएगा। शादीशुदा लोगों के लिए आज कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर में उत्सव का माहौल बनेगा। कोई भी काम करते समय आपको अपना ध्यान एकत्र रखने की जरूरत है। आपके स्वास्थ्य में सुधार आएगा। आपको अपने खानपान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। छात्र ऑनलाइन कोई नई चीज सीखने का मन बनाएंगे। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं।

तुला राशिःआज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आपका ज्यादा समय सोसल साईट पर बीतेगा। साथ ही कुछ अच्छे दोस्त भी बनेंगे, जो आगे चलकर आपके लिए लाभदायक साबित होंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे। दैनिक कार्यों में आपको पूर्ण रूप से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्तें बेहतर होंगे। आप एक-दूसरे को समझने की कोशिश करेंगे। आप किसी काम को नए तरीके से करने की कोशिश करेंगे, जिसमे आपको सफलता भी मिलेगी।

वृश्चिक राशिःआज आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी, जिससे परिवार में सबके चेहरे खिले रहेंगे। लोग आगे से चलकर आपसे बात करना चाहेंगे। आपको नए स्त्रोतों से धन की प्राप्ति होगी। आपके दिमाग में अचानक से कोई ऐसा विचार आएगा, जो आपकी प्रगति के रास्ते खोल देगा। घर पर ही अलग-अलग पकवान का आनंद उठाएंगे। सामाजिक मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी। लवमेट्स के लिए दिन बेहतर रहने वाला है। नौकरी पेशा लोगों की पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं।

धनु राशिःआज परिवार के सदस्य में आपसी सौहार्द बढ़ेगा। अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कोई बड़ा फैसला लेंगे। जिससे आपको लाभ भी होगा। किसी से बात करते समय अपनी भाषा पर संयम रखें। किसी से भी बिना वजह उलझने से बचें। आप अपने खर्चों को लेकर सोच-विचार में डूबे रह सकते हैं। आपको कोई नया काम सीखने का अवसर प्राप्त होगा, इससे आपको लाभ भी होगा। कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा।

मकर राशिःआज आप अपने बच्चों के साथ खुशी के पल बितायेंगे। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। इस राशि के जो छात्र इंजीनियरिंग कर रहे हैं,उनके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। उन्हें किसी बड़ी कंपनी से जॉब के लिए कॉल आएगा। आपका कोई मित्र आपसे आर्थिक सहायता के लिए कह सकता है। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। लवमेट्स को आज कोई खुशखबरी मिलने से पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा। आपको व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा।

कुंभ राशिःआज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। सोचे हुए कार्य आज समय रहते पूरा कर लेंगे। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी। आप माता-पिता से अपने भविष्य के बारे में विचार-विमर्श करेंगे। इस राशि के नौकरीपेशा लोगों को लाभ मिलेगा। सेहत के मामले में आप तंदरुस्त रहेंगे। दोस्तों से फ़ोन पर बात होगी, जिसमे किसी विषय की चर्चा करेंगे। लवमेट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा। कहीं निवेश करना चाहते हैं तो पहले उस विषय के जानकर लोगों से जानकारी ले लें।

मीन राशिःआज आपके कार्य समय से पूरे हो जाएंगे, जिससे आप रिलेक्स महसूस करेंगे। आप अपने व्यापार को लेकर कोई बड़ा निर्णय लेंगे, जिसका फायदा भी होगा। धन के मामले में स्थिति बेहतर रहेगी। आप परिवार वालों के लिए समय निकालेंगे। उनकी सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आपका मन अध्यात्म की ओर लगेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई बड़ी सफलता हाथ लगेगी। आपका वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। छात्रों के लिए समय अनुकूल है।

# नार्कों आतंकवाद को प्रश्रय दे रहा पाकिस्तान

गंभीर मुद्दा

सुनील कुमार महला



काफी समय पहले निर्देशक अभिषेक चौबे की एक फिल्म आई थी -उड़ता पंजाब। यह फ़िल्म पंजाब में युवा आबादी द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और उससे जुड़े विभिन्न षड्यंत्रों की बात करती है। आज हमारे देश की युवा पीढ़ी नशे के गिरफ्त में लगातार फंसती चली जा रही है और नशे हमारे समाज, हमारे देश को गर्त की ओर धकेल रहा है। नशे से धन की तो बर्बादी होती ही है, स्वास्थ्य के साथ साथ यह हमारे समाज के ताने-बाने को भी काफी नुकसान पहुंचाता है। पंजाब तो पंजाब, लेकिन अब पंजाब के बाद अब राजस्थान में मादक पदार्थों की तस्करी में वृद्धि से राजस्थान के उड़ता राजस्थान बनने का डर सता रहा है। मीडिया के हवाले से आ रही खबरों से पता चलता है कि सीमावर्ती इलाकों में मादक/नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते ही चले जा रहे हैं। नशीले पदार्थों की बड़ी खेप तस्करों द्वारा हमारे देश में पहुंचाई जा रही है और इसमें पाकिस्तान का बहुत बड़ा हाथ है। नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा भी खूब लिया जा रहा है और देखा जाए तो पाकिस्तान ने एक तरफ से हम पर एक अघोषित ड्रोन युद्ध छेड़ रखा है। एक नामी-गिरामी न्यूज़ एजेंसी के हवाले से यह खबरें हाल ही में आईं हैं कि पाकिस्तान के नजदीक चार जिलों में पिछले ढाई साल में ही हेरोइन तस्करी के कोई दो-चार नहीं अपितु तेईस मामले सामने आ चुके हैं। एजेंसी के हवाले से यह बताया गया है कि इन मौकों पर राज्य में 125 किलोग्राम हेरोइन लाई गई जो नशे की एक बड़ी खेप मानी जा सकती है। यहां पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है और यहां की सबसे अधिक आबादी भी युवाओं की है और भारत में युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट करने और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिये पाकिस्तान बड़े पैमाने पर ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों की आपूर्ति करता रहा है। तस्कर श्रीगंगानगर, बीकानेर, बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर और जैसलमेर के रास्ते पाकिस्तान से मादक पदार्थों की तस्करी तो कर ही रहे हैं, साथ ही साथ हथियारों की सप्लाई भी चोरी छिपे की जा रही है। पिछले कुछ समय में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए पाकिस्तान ने ड्रोन के जरिए इन तस्करी की घटनाओं को अंजाम दिया है। यही कारण है कि पिछले कुछ समय में सीमावर्ती इलाकों में ड्रोन से तस्करी के मामलों में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिली है।

आज आए दिन अखबारों की सुर्खियों में हमें यह बात पढ़ने को मिलती है कि फलां फलां स्थान पर नशीली गोलियां, कैप्सूल और इंजेक्शन पुलिस द्वारा जब्त किए गए। सच तो यह है कि पाकिस्तान के ड्रग तस्करों के तार पंजाब व राजस्थान के बड़े ड्रग तस्करों से जुड़े हुए हैं। वास्तव में ड्रग्स तस्करी का यह गंदा खेल देश के सीमावर्ती इलाकों में लंबे समय से जारी है। पाक की धरती से उड़ने वाले ये ड्रोन कश्मीर व पंजाब व राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में आतंकियों को हथियार व पैसा मुहैया कराने के लिये नशे की खेप लगातार गिराते रहे हैं। सच तो यह है कि पाकिस्तान नार्को आतंकवाद का इस्तेमाल भी भारत के खिलाफ कर रहा है।जानकारी देना चाहूंगा कि कुछ समय पहले ही जुलाई माह में ही राजस्थान के सीमावर्ती जिले बाड़मेर में सीमा सुरक्षा बल, एनसीबी और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए भारत-पाक सीमा के पास से 11 पैकेट हेरोइन बरामद की है। बरामद किए गए हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 55 करोड़ रुपए आंकी गई है। इससे कुछ समय पहले ही राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में भारत पाक सीमा पर पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में हेरोइन की खेप फेंकी गई थी, हालांकि इस हेरोइन की डिलीवरी लेने आए चार तस्करों को बीएसएफ और राजस्थान पुलिस ने धर दबोचा था और तस्करों के कब्जे से दस करोड़ रुपए मूल्य की दो किलो हेरोइन बरामद की गई। पाठकों को यह भी बता दूं कि कुछ समय पहले राजस्थान के गंगानगर जिले के श्रीकरणपुर में भी बीएसएफ जवानों ने एक ड्रोन को मार गिराया था। सच तो यह है कि पाक द्वारा सीमा पर ड्रोन से तस्करी आम बात है, जबकि पाक ने कभी भी इस सच्चाई को स्वीकार नहीं किया है कि उसकी धरती से लगातार भारत विरोधी गतिविधियां ड्रोन के जरिये जारी हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि अभी पिछले दिनों ही जम्मू-कश्मीर व सीमावर्ती राज्य पंजाब में ड्रोन के जरिये ड्रग्स व हथियार की खेप गिराने की तमाम घटनाएं सामने आई हैं। हमारे देश के सुरक्षा बलों व पुलिस की मुस्तैदी के चलते हालांकि बहुत से ड्रोन अब तक गिराए भी जा चुके हैं लेकिन पाकिस्तान द्वारा नशा व हथियारों की तस्करी का सिलसिला थम नहीं रहा है।इसी बीच ,हाल ही एक प्रतिष्ठित न्यूज़ एजेंसी के हवाले से यह खबरें आईं हैं कि पिछले ढाई साल में राजस्थान में ड्रग तस्करी के 9000 मामले दर्ज किए गए हैं और 11,000 लोगों को हिरासत में लिया गया। सबसे बड़ी हैरानी की बात तो यह है कि आठ पुलिसकर्मी भी ड्रग तस्करों के साथ मिले हुए पाए गए हैं। मतलब यह है कि बाड़ ही खेत को खा रही है तो ऐसे में ड्रग माफिया,ड्रग तस्करों पर भला लगाम कैसे लगाई जा सकेगी, यह प्रश्न यहां यक्ष है। बहरहाल ,पाकिस्तान की सरकार हमेशा भारत में ड्रग तस्करी व आतंकवाद की करतूतों से हमेशा इनकार करती रही है लेकिन अब पाकिस्तान के ही एक बड़े अधिकारी ने ड्रग्स तस्करी पर बहुत बड़ा खुलासा किया है। इस संबंध में पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के विशेष रक्षा सहायक ने एक टीवी साक्षात्कार के दौरान यह स्वीकार किया है कि सीमा पार से भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी के लिये पाकिस्तानी ड्रोनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। दरअसल, पाकिस्तान के इस विशेष रक्षा सहायक(सलाहकार)ने अपने इलाके में बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास के लिये सरकार से विशेष पैकेज की मांग की थी और इसी मांग के लिए दबाव बनाने के लिये उन्होंने सार्वजनिक रूप से यह बात कही है कि अगर समय रहते बाढ़ पीड़ितों को मदद नहीं मिलती तो उस इलाके के युवा भी उन तस्करों में शामिल हो सकते हैं, जो नियंत्रण रेखा के करीब रास्ते विशेष से भारत में हेरोइन भेजने के लिये ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं।जाहिर है पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के रक्षा सहायक की यह स्वीकारोक्ति इस बात की पुष्टि करती है कि शरीफ सरकार की नाक के नीचे ड्रोन के जरिये मादक पदार्थों का धंधा धड़ल्ले से जारी है। सच तो यह है कि पाकिस्तान हथियारों व मादक पदार्थों की भारत में तस्करी कर भारतीय युवाओं को पथभ्रष्ट करने में लगा है और दुखद पहलू यह है कि भारतीय युवा पाकिस्तान के चंगुल में लगातार फंस रहे हैं। पाकिस्तान द्वारा नशा तस्करों को रोकने के लिये कोई ठोस व पुख्ता प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। पाकिस्तान आतंकवाद को तो प्रशय देता ही रहा है लेकिन वह आतंकवाद के साथ ही अब नशे को भी लगातार प्रशय देता नजर आ रहा है। यह बात अलग है कि पर्याप्त सबूतों के बावजूद पाकिस्तान लंबे समय से किसी भी रूप में सीमा पार से आतंकवाद को सहायता या बढ़ावा देने में तथा नशा तस्करी के संबंध में अपनी किसी भी तरह की भूमिका से इनकार करता रहा है। बहरहाल, यहां यह उल्लेखनीय है कि हाल ही में मादक द्रव्यों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर हुए एक सम्मेलन के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गृहमंत्री अमित शाह से ड्रोन पंजीकरण को अनिवार्य बनाने का आग्रह किया था। इतना ही नहीं उन्होंने सीमा पार से हथियारों और हेरोइन की तस्करी के संबंध में भी जानकारी दी थी कि बड़े पैमाने पर पाकिस्तान से ड्रोनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके प्रतिउत्तर में गृहमंत्री अमित शाह ने यह घोषणा भी की थी कि कई तरह के प्रतिबंधों वाली नई ड्रोन नीति की घोषणा जल्दी ही की जाएगी। अंत में यही कहूंगा कि ड्रोन तस्करी के खतरे को देखते हुए इसके मुकाबले के लिए भारत को एक मजबूत नीति की जरूरत है ।

# गुजरात के बाद क्या अब मणिपुर बनेगा भाजपा का 'विकास मॉडल'?

चर्चित मुद्दा

तनवीर जाफ़री



पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर में गत 3 मई से कुकी और मैतेई समुदायों के बीच शुरू हुई हिंसा अभी भी जारी है। प्राप्त सूचनाओं के अनुसार अब तक प्रदेश में हिंसा की घटनाओं में अब तक 200 से अधिक जानें गई हैं, जबकि 50,000 से अधिक लोगों के विस्थापित होने की ख़बरें हैं। कुछ समय पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फ्रांस दौरे के बीच ही मणिपुर हिंसा का मुद्दा यूरोपीय संसद में भी उठ चुका है। यूरोपीय संसद ने मणिपुर हिंसा को लेकर बहस की थी तथा भारत की कड़ी आलोचना की थी। हालांकि भारत ने इसे अंदरूनी मामला बताकर यूरोपीय संसद की आलोचना ख़ारिज कर दी थी। मणिपुर हिंसा ने पूरे देश में उस समय और भी आक्रोश पैदा किया जबकि गत 19 जुलाई को कुकी समुदाय की दो महिलाओं को मेतीय समुदाय के युवकों की भीड़ द्वारा निर्वसत्र कर घुमाने और उनके साथ दुर्व्यवहार करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। ख़बर यह भी है कि इन महिलाओं को निर्वसत्र घुमाने से पूर्व इनके साथ सामूहिक बलात्कार भी किया गया था। हालाँकि यह शर्मनाक अमानवीय घटना 4 मई की बताई जा रही है। परन्तु राज्य में इंटरनेट पर लगे प्रतिबंध के चलते यह वीडियो देर से सार्वजनिक हुई। मणिपुर की घटना कितनी भयावह व अमानवीय है इसके लिये इसे किसी राजनैतिक बयानबाज़ी या विपक्ष के चश्मे या उस नज़रिये से देखने की ज़रुरत ही नहीं है। बल्कि इस निरंतर हो रही हिंसक घटना से प्रभावित होकर भाजपा द्वारा ही मणिपुर में नियुक्त राज्यपाल अनुसुइया उइके ने क्या कहा यह समझना भी ज़रूरी है। राज्यपाल अनुसुइया उइके ने गत दिनों एक टी वी चैनल से बातचीत में कहा कि -'मणिपुर में लगातार हो रही हिंसा से लोग डरे हुए हैं, लोग मर रहे हैं, ऐसी हिंसा मैंने अपनी ज़िन्दिगी में कभी नहीं देखी। यहां दो समुदायों में काफ़ी समस्या है जब तक इन मसलों को सुलझाया नहीं जाता तब तक कोई हल नहीं निकलेगा। आपस में जब तक बातचीत नहीं होती तब तक यहां शांति बहाल होना मुश्किल लगता है। मणिपुर के राज्यपाल ने कहा कि यहां के लोगों के दुख और दर्द को देखती हूं तो मुझे काफ़ी तकलीफ़ होती। लोग मुझसे पूछते हैं कि कब शांति बहाल होगी कई महीने से घर के घर जल रहे हैं और जल गए हैं कई लोग मारे गए हैं। आख़िर यह सब कब तक चलता रहेगा?

मणिपुर की घटना का प्रभाव अब भाजपा में ही राज्यपाल के बाद विरोध स्वरों के रूप में अन्य राज्यों में भी नज़र आने लगा है। मणिपुर के पड़ोसी राज्य मिज़ोरम में भाजपा के उपाध्यक्ष आर वनरामचुआंगा ने भाजपा की मिज़ोरम इकाई के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफ़ दे दिया है। उन्होंने इस हिंसा को लेकर मणिपुर और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कहा जा रहा है कि आर वनरामचुआंगा के इस्तीफ़ेका कारण मणिपुर में चर्चों पर लगातार हो रहा हमला है। अपने त्याग पत्र में, वनरामचुआंगा ने यह कहा भी है कि -' मणिपुर और केंद्र सरकार ने पड़ोसी राज्य मणिपुर में चर्चों के विध्वंस का 'समर्थन' किया। उन्होंने त्यागपत्र मे लिखा, ईसाइयों और ईसाई धर्म के प्रति आपराधिक अन्याय के इस कृत्य के विरोध में, मैं तत्काल प्रभाव से भाजपा मिजोरम प्रदेश के राज्य उपाध्यक्ष के रूप में अपना इस्तीफ़ सौंपता हूं। उन्होंने यह भी दावा किया कि '3 मई से राज्य में जातीय संघर्ष के दौरान पूरे मणिपुर में 357 चर्चों को मैतेई उग्रवादियों ने जलाकर राख कर दिया'।

इसी तरह बिहार में भी भाजपा को एक बड़ा झटका देते हुये भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा ने पार्टी से इस्तीफ़ दे दिया है। शर्मा ने पार्टी के अपने सभी पदों से इस्तीफ़ दे दिया है। इस बात की जानकारी एक पोस्टर के माध्यम से देते हुये विनोद शर्मा ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मणिपुर में हुई महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार को लेकर



उन्होंने इसका ज़िम्मेदार केंद्र व राज्य सरकार को ठहराया। पटना के प्रमुख चौराहों पर लगवाये गये उनके इस्तीफ़े से संबंधित तमाम बोर्ड व पोस्टर पर लिखा है - भारत की बहन, बेटियां करे चीत्कार-शर्म करो , बेटी बचाओ का नारा देने वाली मोदी सरकार। मान्यवर जे पी नड्डा जी,राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा, मान्यवर, मणिपुर में बेटियों को पूर्ण नग्न कर भीड़ में सड़कों पर घुमाए जाने के कारण पूरे विश्व में भारत शर्मसार हुआ है। जिसके लिए मणिपुर के भाजपा के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह पूर्ण ज़िम्मेदार हैं और इसका बचाव करने वाले प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जी। ऐसे नेतृत्व में काम करते हुए मैं आत्मग्लानि एवं कलंकित महसूस कर रहा हूं। इसलिए तत्काल पार्टी के पदों और पार्टी से इस्तीफ़ देता हूं' उपरोक्त बयानों व आरोपों में से कोई भी बात न तो कांग्रेस नेताओं द्वारा की गयी न ही विपक्ष या नव गठित ढ़. ह्. ष्. ढ्. द्वारा। फ़्रि आख़िर सत्तारूढ़ भाजपा और उसके नेता मणिपुर की घटना का राजनैतिक लाभ उठाने का आरोप विपक्ष पर क्यों और कैसे लगा रहे हैं ? भाजपा के कितने ही मंत्रियों सांसदों कार्यालयों व नेताओं के घर मणिपुर हिंसा में फूँक दिये गये ? और संसद के मॉनसून सत्र की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब संसद पहुंचे तो उन्होंने कहा, ''मणिपुर की घटना से मेरा हृदय दुख से भरा है. ये घटना शर्मसार करने वाली है. पाप करने वाले कितने हैं, कौन हैं वो अपनी जगह है, पर बेइज्जती पूरे देश की हो रही है. 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है. मैं मुख्यमंत्रियों से अपील करता हूं कि वो मां-बहनों की रक्षा के लिए कदम उठाएं.'' राजस्थान, छत्तीसगढ़, मणिपुर का ज़िक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ''घटना चाहे किसी भी राज्य की हो, सरकार चाहे किसी की भी हो, नारी के सम्मान के लिए राजनीति से ऊपर उठकर काम करें।'' प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद तो देश में और भी उबाल आ गया। प्रधानमंत्री का इशारा पाकर जहाँ भाजपा के स्मृति ईरानी जैसे अनेक नेता मणिपुर की घटना के साथ राजस्थान व छत्तीसगढ़ की तुलना करने लगे वहीं विपक्ष ने इसे पूर्णतः राजनैतिक बयान बताया। विपक्ष का कहना है कि राजस्थान व छत्तीसगढ़ की किसी भी घटना से मणिपुर की तुलना नहीं की जा सकती। I. N. D. I. A. ने भी अपना एक 20 सदस्यीय दल मणिपुर भेजा। दरअसल प्रधानमंत्री बनने से पहले गोरखपुर में एक चुनावी रैली के दौरान नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 'उत्तर प्रदेश को गुजरात बनाने के लिए 56 इंच का सीना चाहिए'। और मोदी उसी गुजरात का विज्ञापन विकास मॉडल के रूप में भी करते थे जोकि गोधरा काण्ड और उसके बाद भड़के अल्पसंख्यक विरोधी दंगों के बाद नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारक बना। पिछले दिनों प्रसिद्ध पत्रकार कारन थापर ने मणिपुर के दक्षिणपंथी मैतेई नेता प्रमोद सिंह से बातचीत की जिसमें उन्होंने साफ़ तौर से यह कहा कि -'कुकीङ्क्जो आदिवासी समुदाय है उसको पूरी तरह से ख़त्म कर देंगे, क्योंकि वे हमारा रास्ता रोकते हैं। उन्होंने साफ़ साफ़ कहा कि उन्हें सरकार और पुलिस का समर्थन हासिल है। और वे हमसे बच नहीं सकते। सवाल यह है कि मणिपुर में क्या हो रहा है और आगे क्या होने जा रहा है? शायद तभी विश्लेषक मणिपुर की हिंसक घटना की तुलना गुजरात दंगों की तरह करने व इसे सुनियोजित साज़िश बताने लगे हैं? तो क्या गुजरात के बाद अब मणिपुर बनेगा भाजपा का कथित 'विकास मॉडल'?

# रमेश बैस सरल, सहज मिलनसार एवं कर्मठ व्यक्तित्व

अशोक बजाज



सरल, सहज, मिलनसार एवं कर्मठ राजनीतिज्ञ एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री रमेश बैस हर वर्ग में लोकप्रिय हैं. उन्होंने 1978 में पार्षद से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुवात की तत्पश्चात 1980 में मंदिरहसौद विधानसभा से चुनाव जीत कर मध्यप्रदेश विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए। वे 1989 में रायपुर से 9वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में पहली बार निवाचित हुए तत्पश्चात 1996 में 11वीं, फिर 12वीं, 13वीं, 14वीं, 15वीं और 16वीं लोकसभा में लगातार चुने गए. उन्होंने श्री अटलबिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में इस्पात एवं खान, रसायन और उर्वरक, सूचना और प्रसारण जैसे विभिन्न विभागों को संभाला और पर्यावरण व वन तथा खनन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में भी कार्य किया। 15वे लोकसभा में वे भाजपा संसदीय दल के मुख्य सचेतक बनाये गए. इसके अतिरिक्त उन्होंने सन 1992 में मध्यप्रदेश कृषि एवं बीज विकास निगम के अध्यक्ष के रूप में तथा संगठनात्मक रूप से मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में संगठन में काम किया तथा छत्तीसगढ़ में भाजपा के विस्तार में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है. सप्रे स्कूल मैदान से आमसभा में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण का संकल्प लिया तब तालियों से पूरा मैदान गूंज उठा था. इस संकल्प के पूर्व श्री बैस ने ही श्री वाजपेयी जी को छत्तीसगढ़वासियों की छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग से अवगत कराया था. संसद में जब राज्य पुनर्गठन विधेयक पेश हुआ तब श्री रमेश बैस वाजपेयी सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) थे, स्वाभाविक रूप से राज्य पुनर्गठन विधेयक के निर्माण से लेकर उसे पारित कराने तक आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है. केंद्रीय मंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास में श्री बैस जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है. केंद्र की अनेक महती योजनाओं को उन्होंने धरातल पर उतारा। राज्य की जनता को बेहतर स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्री बैस जी के पहल पर ही रायपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना हुई, जिससे छत्तीसगढ़ के निवासियों को कम दर पर बेहतरीन इलाज की सुविधाएं मिल रही है. हम सब वाकिफ है कि कोरोना काल में रायपुर का एम्स पीड़ितों के लिए वरदान सिद्ध हुआ है. अत्यंत सरल, सहज एवं मृदुभाषी श्री रमेश बैस की कृषि व काष्ठकला में काफी रूचि है. कृषि एवं कृषक कल्याण तथा ग्रामीण विकास में आपका महत्वपूर्ण योगदान है, इनकी लोकप्रियता का एक मुख्य कारण ये भी रहा कि सांसद के रूप में रायपुर लोकसभा क्षेत्र का कोई ऐसा गांव नही जहां श्री बैस जी ने प्रवास ना किया हो. आज भी वे क्षेत्र के हर गांव के 50-100 बुजुर्गों, युवाओं एवं महिलाओं को उनके नाम से संबोधित करते है.



इनके चार दशक से भी लंबे राजनीतिक कार्यकाल में रायपुर लोकसभा क्षेत्र में ऐसा कोई ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका या नगर निगम क्षेत्र नही है जहां आपने सांसद निधि से कोई काम ना कराया हो. अपने संसदीय क्षेत्र में उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ एवं सिचाई सुविधाओं के विस्तार पर सदैव ध्यान दिया है और आधारभूत संरचना को विकसित किया है. श्री रमेश बैस जी की कर्मठता, लगनशीलता एवं लंबे प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें जुलाई 2019 में त्रिपुरा का राज्यपाल नियुक्त किया वे जुलाई 2021 तक वे त्रिपुरा के राज्यपाल रहे. तत्पश्चात जुलाई 2021 में उन्हें झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया, वे 17 फरवरी 2023 तक झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्यरत थे. वर्तमान में वे 18 फरवरी 2023 से महाराष्ट्र के राज्यपाल है.

महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य में राज्यपाल की जिम्मेदारी का निर्वहन करने के बावजूद छत्तीसगढ़ से उनका निरंतर संपर्क बना हुआ है. बुधवार 2 अगस्त 2023 को उनके रायपुर आगमन पर हमर सियान हमर अभिमान आयोजन समिति रायपुर के तत्वावधान में सर्व समाज द्वारा उनका नागरिक अभिनन्दन किया जा रहा है. यह संयोग ही है कि 2 अगस्त को उनका जन्मदिन भी है.

## एक नजर

### जिला स्तरीय तृतीय सोपान निपुण जांच शिविर का समापन



राजिम, 2 अगस्त। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवालाल चंद्राकर संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन कैलाश कुमार सोनी राज्य सचिव एवं डीएस चौहान जिला शिक्षा अधिकारी वह जिला आयुक्त गरियाबंद जिला सचिव रोमनलाल साहू के मार्गदर्शन एवं डीओसी आशीष साहू डीओसी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में जिला स्तरीय तृतीय सोपान निपुण स्काउट गाइड जांच शिविर का आयोजन शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजिम में किया गया कार्यक्रम के अंतिम दिवस सुबह सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें रामकुमार साहू विधायक प्रतिनिधि राजिम अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए उन्होंने कहा कि भारत स्काउट एंड गाइड हमें अनुशासन के साथ-साथ सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाती है जिससे हमें मानसिक शांति भाईचारा देश प्रेम की भावना को जागृत करती है तत्पश्चात अंतिम दिवस सभी स्काउट गाइड द्वारा हाईक के तहत भगवान राजीव लोचन मंदिर कुलेश्वर मंदिर के दर्शन किया साथ में लोगों को स्वच्छता सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने पर्यावरण प्रदूषण को बचाने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संदेश देकर जागरूक किया गया उसके बाद सभी स्काउट गाइड के लिए जिला सचिव रोमन लाल साहू की उपस्थिति में ओपन सेशन का आयोजन किया गया जिसमें स्काउट गाइड द्वारा अपने अपने विचार और अनुभव को बताया अंत में ध्वजअवतरण कर राष्ट्रगान के साथ जिला स्तरीय तृतीय सोपान निपुण जांच परीक्षा का समापन हुआ इस अवसर पर विकासखंड सचिव एस एस कवर लुकेश्वर प्रधान जिला भोजन प्रभारी प्रेम लाल साहू टेक्निकल प्रभारी चैतन्य कुमार यदु जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू गिरवर यादव उमाकांत साहू रवि तारक हिरऊ राम साहू गाइडर सुरेखा सेन गंगा साहू अंजू डेकर दीप्ति साहू योगेश्वरी देवांगन स्काउटर गाइडर सरस्वती शिशु मंदिर एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम के सर्विस रोवर रेंजर उपस्थित थे।

### मुंशी प्रेमचंद ने सोजे-वतन लिखा तो अंग्रेजों ने प्रतियां जब्त कर ली:संतोष सोनकर




राजिम, 2 अगस्त। गायत्री मंदिर सभागृह में स्थानीय प्रयाग साहित्य समिति के तत्वाधान में मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर पर साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्वान वक्ताओं ने अपने -अपने विचार रखें। सर्वप्रथम मुंशी प्रेमचंद की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन समर्पित किया गया। पश्चात लेखक संतोष कुमार सोनकर मंडल अपने विचार रखते हुए कहा कि मुंशी प्रेमचंद की भाषा शैली बहुत ही सरल थी। आम पाठकों तक उनकी कहानी सहज भाव से पहुंच जाती। उन्होंने पूस की रात, बड़े घर की बेटी, कफन, पंच परमेश्वर, दो बैलों की कथा, बूढ़ी काकी जैसे 300 से भी अधिक कहानियां लिखी। उनकी पहली कहानी संग्रह साजे वतन प्रकाशित हुआ तो अंग्रेजों ने उनके प्रतियां जप्त कर ली तथा आगे और लिखने के लिए मना कर दिया, चूंकि इस कहानी संग्रह में देशभक्ति की भावना छुपी हुई थी। उसके बाद उन्होंने अपना नाम बदलकर मुंशी प्रेमचंद लिखा तथा लगातार साहित्य पर कलम चलाते रहे। कवि नूतन साहू ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद का असली नाम धनपत राय था। इनका जन्म 31 जुलाई 1880 तथा मृत्यु 8 अक्टूबर 1936 को हुई थी यह हिंदी तथा उर्दू के प्रसिद्ध और सर्वाधिक लोकप्रिय उपन्यासकार तथा कहानीकार थे। हास्य कवि गोकुल सेन ने कहा कि गोदान, गबन, कर्मभूमि रंगभूमि, प्रेमाश्रम, सेवा सदन, निर्मला जैसे लगभग डेढ़ दर्जन उपन्यास लिखे हैं। उनके द्वारा लिखित उपन्यास समाज में उर्जा दे रही है। शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर ने अपने वक्तव्य में कहा आज देश और दुनिया जिसे हिंदी उपन्यास का सम्राट मानती है कभी उसने शुरुआत उर्दू साहित्य से नवाब राय के नाम से लिखना शुरू किया बाद में उनकी मुलाकात मुंशी दयानारायण निगम से हुई फिर दोनों ने मिलकर पत्रिका का संपादन भी करने लगे। दोनों की जोड़ी ने साहित्य में नया कीर्तिमान रचा। कई बार पाठकों को धोखा हुआ मुंशी प्रेमचंद एक है। प्रेमचंद ने ग्रामीण परिवेश को अपनी कहानी के माध्यम से बहुत ही शानदार चित्रित किया है। उसके द्वारा लिखित पूस की रात,बूढ़ी काकी को पढ़ने से ही चित्र मस्तिष्क पटल पर अंकित हो जाता है। उनकी कहानी एवं उपन्यास के पात्र आज भी लोगों के जेहन में जिंदा है प्रसिद्ध व्यंग्यकार संतोष सेन ने कहा कि जीवन एक बराबर नहीं रहता। प्रेमचंद के जीवन भी कई बार विवादों से घिरा रहा।

### निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रीं की नीलामी 25 अगस्त को

बीजापुर 2 अगस्त। जिला सेनानी बीजापुर अंतर्गत निष्प्रयोज्य घोषित भंडार सामग्रियों की नीलामी 25 अगस्त 2023 दिन शुक्रवार को सुबह 11 बजे नगर सेना कार्यालय कैम्प परिसर में की जाएगी। जिसमें पेंट, कमीज, टोपी, जूते-मोजे, ढरी, बेल्ट, मच्छरदानी एवं रेनकोट शामिल है। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि के 1 दिन पूर्व कार्यालय में उपस्थित होकर नीलाम की जाने वाली सामग्रियों को देख सकते है।

हमें 6 लाख नहीं पक्की सड़क चाहिए

# राजिम विधायक अमितेश शुक्ल के दिए गए रुपए से ग्रामीण असंतुष्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 2 अगस्त।** राजिम विधायक अमितेश शुक्ल के ग्राम तर्रा बस्ती से नेशनल हाईवे मुख्य सड़क मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य के लिए 6 लाख रूपये स्वीकृति करने की अनुशंसा पर ग्राम तर्रा के ग्रामीण एक बार फिर विरोध में मोर्चा खोल दिया है। ग्राम तर्रा के ग्रामीण रोड़ नहीं तो वोट नहीं का संकल्प लेकर विधायक मद से 6 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान करने राजिम विधायक अमितेश शुक्ल के अनुशंसा को अस्वीकार करते हुए राशि वापस लौटाने ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है। ग्राम विकास समिति तर्रा अध्यक्ष बीसहत पटेल उपाध्यक्ष लोमस साहू कोषाध्यक्ष टोमन साहू सचिव पवन साहू सह सचिव राजेश निर्मालकर संगठन मंत्री फत्ते साहू सरपंच सुमित्रा बंजारे जनपद सदस्य संतोष सेन सरपंच प्रतिनिधि सिकंदर साहू उपसरपंच दुली चंद दौलत पंच खोरबहारा साहू पंच गिरधारी साहू डॉक्टर माणिक साहू पूर्व सरपंच लखन पटेल गैंदू साहू याद राम साहू ब्यास नारायण साहू उत्तम साहू वामन साहू सेवा राम पटेल चरण सतनामी हिराऊ पटेल लक्षणु पटेल सीतल साहू जागेश्वर साहू अशोक विश्वकर्मा लालजी साहू थाऊ राम साहू थाया साहू प्यारे पटेल मकसूदन शाह जोहन साहू पुरषोत्तम साहू नरेश साहू मंगलूराम यादव डेरहा सतनामी सुदर्शन भांडेकर खोमान विश्वकर्मा ने बताया कि ग्राम तर्रा में एक बैठक आहूत कर ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि राजिम विधायक अमितेश शुक्ल ने ग्राम तर्रा बस्ती से नेशनल हाईवे मुख्य सड़क मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य के लिए 6 लाख रुपए राशि स्वीकृति प्रदान करने अनुशंसा किया है जिस पर ग्रामीणों ने एक स्वर में इसका विरोध करते हुए कहा की हमें पक्की सड़क मार्ग चाहिए 6 लाख रुपए की राशि नहीं ग्रामीणों का कहना था कि सड़क मार्ग निर्माण के लिए 6 लाख रूपये राशि पर्याप्त नहीं हैं। ग्रामीण अब रोड़ नहीं तो वोट नहीं का संकल्प लिया हैं उल्लेखनीय है कि जब शासन प्रशासन एवं जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि ने आम जनता की नहीं सुनी बात तो ग्रामीणों ने स्वयं से राशि जुटाए और पक्की सड़क मार्ग बना रहे हैं विकास के इस दौर में भी ग्रामीणों की बात नहीं सुनी जा रही जिसके चलते मजबूरन ग्रामीणों ने स्वयं की राशि से सड़क मार्ग बनाने जैसे साहसिक निर्णय लिए हैं। ग्रामीण लगभग 2 किमी की लंबा सड़क निर्माण के लिए 26 फीट चौड़े आकार में जमीन दान में दिए हैं तर्रा गांव के ग्रामीणों ने पक्की सड़क मार्ग बनाने की मांग को लेकर शासन प्रशासन के विरोध में नेशनल हाइवे 130 सी पर चक्का जाम भी कर चुके हैं। प्रशासन ने 3 महीने के अवधि में पक्की सड़क मार्ग बनाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिए थे। प्रशासन के तय अवधि में भी जब सड़क मार्ग नहीं बने तो ग्रामीणों ने एक बार फिर एकता दिखाते हुए पक्की सड़क बनाने स्वयं राशि जुटाने एकमत हुए और तर्रा गांव से मुख्य सड़क मार्ग तक लगभग 2 किलोमीटर की पक्की सड़क मार्ग बनाने काम शुरू कर दिए हैं। पक्की सड़क मार्ग बनाने ग्रामीण पहले किस्त में अब तक 6 लाख रुपए खर्च कर चुके हैं। तर्रा गांव के किसानों ने सड़क मार्ग बनाने के लिए अपनी स्वयं खेती जमीन को दान में दिए हैं ग्राम तर्रा में ग्रामीणों के द्वारा उठाए गए इस साहसिक निर्णय ने हर किसी के सोच को बदलने पर विवश कर दिए हैं इस गांव के एकता और अखंडता के लोग मिसाल देने लगे हैं उल्लेखनीय है की 30 मई 2023 को ग्राम तर्रा के हजारों ग्रामीण ने 20 साल पुरानी मांग तर्रा से मुख्य सड़क मार्ग तक पक्की सड़क बनाने की मांग मनाने नेशनल हाईवे 130 सी पर 3 घंटा तक शासन प्रशासन के विरोध में चक्का जाम किया था मौके पर मान मनौव्वल करने पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी अपर कलेक्टर एसडीएम ने तीन माह में पक्की सड़क मार्ग बनाने का आश्वासन दिया था जिसके बाद ग्रामीण सड़क मार्ग में चल रहे आंदोलन समाप्त कर दिया।

## भूपेश सरकार ने किसानों के हर वर्ग को फायदा पहुंचाने की कोशिश की:रामपुकार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 2 अगस्त।** छ.ग. की भूपेश सरकार ने किसानो के हर वर्ग को फायदा पहुंचाने की भरपूर कोशिश की है,यही कारण है कि उन्होने हर क्षेत्र के किसानो के लिए नयी-नयी योजनायें प्रदेश मे लागू की। मदनपुर इंजको मे थोक फल सब्जी मंडी का निर्माण भी उनकी एक बहुयामी सोच का परिचायक है। यहा दूसरे जिले एवं अन्य राज्यो से आकर किसान फल के साथ सब्जीयों को थोक के भाव मे उचित मूल्य पर बेच सकते है। थोक सब्जी मंडी का निर्माण कृषको के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म का काम करेगा। यह बातें छ.ग. शासन के प्रोटेम स्पीकर,कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त विधायक रामपुकार सिंह ने थोक सब्जी फल मंडी के प्रांगण मे आवासीय भवन का भूमि पूजन के दौरान कही थी। दिन सोमवार की शाम मदनपुर इंजको मे बनी थोक सब्जी मंडी मे बनने वाले आवासीय भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया था,जिसमे स्थानीय विधायक रामपुकार सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करने पहुंचे थे। उनके साथ ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष हरगोविंद अग्रवाल,कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल,व्यवसायी रामलाल अग्रवाल,कुलविंदर सिंह भाटिया,पार्षद सतीश अग्रवाल,राजेन्द्र अग्रवाल,सरपंच श्रवण सिंह,प्रेस क्लब अध्यक्ष विजय त्रिपाठी,रविशंकर खुंटिया,महावीर शर्मा,संयुक्त संचालक कमलेश एक्का,प्रबंधक सुरेन्द्र पटनायक,ठेकेदार सौरभ त्रिपाठी के अलावा कृषि उपज मंडी के अनेक सदस्यगण मौजुद थे,विधि विधान के साथ भूमिपूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ,जिसमे आस-पास क्षेत्र के कृषको का एक बडा वर्ग पहुंचा हुआ था।।

कृषक एवं व्यवसायियों के लिए बेहतर बाजार-ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष हरगोविंद अग्रवाल ने अपने संबोधन मे कहा कि छ.ग. के मुखिया भूपेश बघेल एवं रामपुकार सिंह के प्रयास से लगभग 30 एकड जमीन पर कृषको के अलावा व्यवसायीयों के लिए थोक फल सब्जी मंडी का निर्माण कराया गया है। उनका कहना था कि क्षेत्र के किसान वर्तमान की स्थिती मे सिर्फ धान की खेती पर ही आश्रित रहते है,उन्होने बताया कि पत्थलगांव क्षेत्र के आस-पास किसानो को पर्याप्त पानी देने के लिए अनेक जलाशय का निर्माण किया गया है,यदि किसान उन जलाशयो का पानी इस्तेमाल कर धान के अलावा फल एवं सब्जीयों की खेती मे अपनी रूचि दिखाते है तो आगामी समय मे वे अपनी आर्थिक स्थिती मे सुधार कर सकते है। मदनपुर इंजको मे बनी थोक फल एवं सब्जी मंडी कृषक वर्ग के लिए एक बेहतर बाजार साबित होगी।




### 211 संविदा कर्मी की बर्खास्तगी को वापस लेने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**बीजापुर, 2 अगस्त।** तीन जुलाई से हड़ताल पर बैठे बीजापुर के नेशनल हेल्थ मिशन के 211 संविदा कर्मचारियों पर बर्खास्तगी की करवाई के बाद संगठन ने घोर निन्दा की है। इस आदेश को तुगलकी फरमान बताते हुए हड़ताली कर्मचारियों से संवाद स्थापित करने की बजाय करवाई को अलोकतांत्रिक बताया। घड़ी चौक रायपुर में प्रांतीय स्तर पर भारतीय संविधान के प्रणेता बाबा अंबेडकर की प्रतिमा के सामने लोकतांत्रिक मूल्यो की रक्षा के लिए एकत्रित होकर राज भवन की ओर कुच कि संगठन ने इच्छा मृत्यु का पत्र राज्यपाल के नाम से राजभवन में सौंपते हुए इच्छा मृत्यु मांग की। क्योकि 211 परिवार के लिए नौकरी नही उनके रोजी-रोटी को छीना गया। वहीं जिला स्तर पर विधायक विक्रम शाह मंडावी को सभी संविदा कर्मचारियों ने पत्र सौंप कर आदेश को निरस्त करने की मांग की।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय फिंगेश्वर में नियम विपरीत दिये गये हैं प्रवेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम ( फिंगेश्वर), 2 अगस्त।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फिंगेश्वर जिला गरियाबंद के प्राचार्य द्वारा शिक्षण सत्र 2021-22 में लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ के द्वारा जारी प्रवेश प्रक्रिया संबंधी निर्देश 2021/32 दिनांक 23/04/2021 का उलंघन करते हुए 77 विद्यार्थियों को नियम विरुध्द प्रवेश दिया गया है। जिसकी जांच कर कार्यवाही की मांग किसान नेता तेजराम विद्रोही ने कलेक्टर जन चौपाल में किया है। तेजराम विद्रोही ने शिकायत में कहा है कि बिना गरीबी रेखा प्रमाण पत्र के बीपीएल कोटा में 21 बच्चों को भर्ती लिया गया है। बिना ऑनलाइन आवेदन के जिनका चयन सूची व प्रतिक्षा सूची में नाम नहीं होने पर भी 28 बच्चों को प्रवेश दिया गया है। जिनका चयन सूची व प्रतिक्षा सूची में नाम नहीं होने पर भी 22 बच्चों को प्रवेश दिया गया हैवर्तमान अंग्रेजी माध्यम कक्षा में पूर्व हिन्दी माध्यम कक्षा के बच्चे को जिसका चयन सूची व प्रतिक्षा सूची में नाम नहीं है प्रवेश दिया गया है इस प्रकार स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फिंगेश्वर में शिक्षण सत्र 2021-22 में कुल 77 बच्चों को नियम विरुध्द प्रवेश दिया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार की गरीब तबके के बच्चों को बेहतर अंग्रेजी शिक्षा प्रदान करने की महत्वपूर्ण योजना का प्राचार्य द्वारा धज्जियां उड़ायी जा रही है जो स्वयं भी अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक नहीं है और प्राचार्य के पद पर पदस्थ हैं जबकि प्राचार्य होने के लिए अंग्रेजी माध्यम और बीएड अथवा डीएड होना चाहिए। अयोग्य व्यक्ति के प्राचार्य होने से वास्तविक रुप से पात्रता रखने वाले बच्चे अपने अधिकारों से वंचित रह गये हैं। तेजराम विद्रोही ने आवेदन के साथ 97 पृष्ठों में संलग्न सूची का अवलोकन करते हुए जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने कलेक्टर से अनुरोध किया है।

## भागवत कथा ज्ञान सप्ताह में मनाया गया गोवर्धन उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 2 अगस्त।** अधिक श्रावण मास के उपलक्ष्य मे अग्रवाल महिला मंडल द्वारा करायी जा रही भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवे दिन ब्यासपीठ पर बैठे आचार्य बैंकटेश शरण ने श्रीकृष्ण की बाल लीला के साथ उनके माखनचोरी एवं गिरिराज पर्वत की महत्ता बतायी। आचार्य बैंकटेश ने कृष्ण की वंदना के साथ कथा की शुरूवात करी। पांचवे दिन कथा स्थल पर श्रोताओ की संख्या काफी अधिक थी,इससे पूर्व यहा दिन सोमवार को समुद्र मंथन,वामन अवतार एवं कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया था। कथा की शुरूवात करते हुये आचार्य कहते है कि मनुष्य सब कुछ जानते हुये भी अज्ञानी बना हुआ है,आत्मा परमात्मा की तरह ही जन्म मृत्यु भी अटुट सत्य है,इसलिए मनुष्य को अपने जीवन काल मे मृत्यु लोक को ही स्वर्ग मानकर सदकर्मो की ओर आगे बढते जाना चाहिये। उनका कहना था कि मृत्यु के बाद की समस्त बातें एक परिकल्पना के समान है,मरने के बाद किसी ने सत्य नही जाना,इसलिए मनुष्य को अपने जीवन परांत ही क्रोध,लोभ एवं अज्ञानता का परित्याग कर मृत्यु लोक के बाद का समय को सुधार करने की दिशा मे निरंतर पहल करनी चाहिये। उन्होने आज पांचवे दिन के भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह मे कृष्ण की लीलाओ पर प्रकाश डालते हुये कहा कि भगवान श्रीकृष्ण को बाल्याकाल से ही माखन अत्यधिक प्रिय था,वे माता यशोदा के घर मे रखे माखन के अलावा अन्य गोपियों के घर मे रखे माखन को भी चुराकर अपने शखाओ के साथ चट कर जाते थे,जिसके कारण मां यशोदा को हर समय गोकुलवासियों की बातें सुननी पडती थी।।

**गिरिराज को उठाया एक उंगली पर**-आचार्य बैंकटेश शरण ने आज की कथा के बीच भक्त एवं भक्ति का भी परिचय कराया। ब्यासपीठ पर बैठे आचार्य बताते है कि श्रीकृष्ण गोकुल वासियों को अपने पुत्र की तरह स्नेह करते थे,वहा आने वाली अनेक विपदाओ को बगैर किसी को आभास कराये ही दूर भगा दिया करते थे,जब एक बार गोकुल वासियों से नाराज होकर इंद्र देव ने वहा भयंकर बारिश का प्रहार किया तो चारो ओर त्राही-त्राही मच गयी,इस बीच श्री कृष्ण ने गिरिराज गोर्वधन पर्वत को अपने हाथ की एक उंगली मे उठाकर उसके नीचे समस्त गोकुल वासियों को आश्रय दिया।।

गायो का वाश के बिना कृष्ण की परिकल्पना बेकार-आचार्य बैंकटेश शरण ने कहा कि कृष्ण को गायो से अत्यधिक प्रेम था,इसलिए जिस शहर या गांव मे गौ माता का निवास नही है वहा हम श्री कृष्ण के निवास की परिकल्पना नही कर सकते,उन्होने बताया कि गौ माता स्वयं भगवान के मुख से अवतरित पशु है,इसलिए यह पशुओ मे प्रथम पुज्य एवं कृष्ण की हमेंशा दुलारी मानी जाती है। अग्रसेन भवन मे आयोजित भागवत मे कृष्ण लीला व गोवर्धन उत्सव के दौरान छप्पन भोग का भी प्रसाद लगाया गया।।

## समाचार संक्षेप

### किसानों को योजना का लाभ दिलाने ई-केवॉयसी कार्य में लाएं प्रगति: कलेक्टर



**सुकमा, 2 अगस्त ।** नगरीय प्रशासन, पंचायत विभाग को पुलिस विभाग से समन्वय कर सड़कों के मवेशियों को काऊ कैचर से गौठान व सुरक्षित स्थानों में ले जाने के निर्देश कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए। साथ ही गौठानों में चारा, पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मवेशियों में रेडियम के बेल्ट, पट्टी व टैग लगाने का कार्य जारी रखने कहा। उन्होंने बैंक के अधिकारियों को गोबर खरीदी कार्य के लंबित देयकों का भुगतान संबंधित व्यक्तियों, महिला स्व-सहायता समूहों को करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के सभी गौठानों में शासन से निर्धारित मात्रा में गोबर खरीदी जारी रखने कहा।जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अयोजित बैठक में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के संबंध में और पौधरोपण के लिए पंचायत उद्यानिकी विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग को कार्योजना तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पहुंच विहीन क्षेत्र के पीडीएस भवनों में खाद्यान्न भंडारण की जानकारी ली। साथ ही एसडीएम, तहसीलदार को संबंधित क्षेत्र के पीडीएस भवन में रख-रखाव, खाद्यान्न भंडारण का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारी को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के ई-केवॉयसी कार्य में प्राथमिकता देकर प्रगति लाने कहा। उन्होंने एनएच के अधिकारियों को बारिश को ध्यान में रखते हुए पुल-पुलिया मरम्मत, सड़क सुधार कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिन में आई फ्लु, मौसमी बीमारियों के लिए पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाओं की उपलब्ध सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सभी स्कूली बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा खिलाया जाना है, जिसके लिए स्कूलों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। विधानसभा निर्वाचन के संबंध में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे सभी युवाओं का नाम जोड़ने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 12 से 13 अगस्त, 19 से 20 अगस्त को शिविर में मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन के लिए प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। वहीं निर्वाचन संबंधी तैयारियों को लेकर सेक्टर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए पोलिंग स्टेशन में रैंप, टायलेट, पेयजल व्यवस्था सहित भवनों का भौतिक सत्यापन करने कहा गया है।

### आई फ्लू से बचाव के लिए डॉक्टरों ने स्कूली बच्चों को किया जागरूक



**बीजापुर, 2 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके के निर्देशानुसार आज नवोदय विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में डॉक्टर तरुण कवर नेत्र चिकित्सक अधिकारी जिला चिकित्सालय बीजापुर, सहायक नोडल अधिकारी मनीषा देवांगन एवं साहिया झाड़ी द्वारा बच्चों को आई फ्लू से बचने के उपाय बताएं गए ।उन्होंने बताया कि यह बीमारी बहुत तेजी से फैल रही है लाल हुई आंख को आई फ्लू भी कह सकते हैं इससे पढ़ने लिखने में तकलीफ होती है प्रकाश में आखों में चिप चिप चिलचिलाहट होती है ।ये फैलने वाली बीमारी है इसमें आंख आना, लाल होना, आंसू आना,खुजली, असामान्य लगना आम बात है यह बहुत जल्दी एक दूसरे में फैल जाती है विशेषकर इसके नजदीक में रहने से इसके रुमाल तोलिया पेन चश्मा का उपयोग करने से आंखों का संक्रमण जल्दी बढ़ता है इससे बचने के लिए संक्रमित व्यक्ति के किसी भी व्यक्तिगत चीजों को इस्तेमाल ना करें भीड़ भाड़ वाली स्थान में दूर रहे,घर में आराम करें, पंखा कूलर को सीधे हवा से बचें,साथ में एंटीबायोटिक आई ड्राफ् का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह से करें। स्ट्राइड ड्रॉप्स का उपयोग ना करें एक एक बूंद दवा दोनों आंखों में डालें दवा डालने के बाद थोड़ी देर आंख बंद करके रखें दिन में कम से कम 4 से 5 बार दवा डालें दो-तीन दिन में आराम करने से जल्दी राहत मिलेगी साथ ही साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस सर्व आदिवासी समाज के साथ मनाने का निर्णय: सीपीआई



**बीजापुर, 2 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद का बैठक कामरेड कवासी हान्दा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। बैठक मे पार्टी सगठन व आगामी विधानसभा चुनाव के सम्बध मे विशेष चर्चा किया। विधान सभा की रणनीतियां बनाया गया आगामी दिनों से हर कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कार्य करने की बात की। परिषद की बैठकमे पार्टी के प्रमुख मनीष कुंजाम, रामा सोडी, गंगा नाग, कुसुम नाग, मंजू कवासी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर मणिपुर हिंसा व एर्राबोर घटना को लेकर निन्दा प्रस्ताव लाया गया , इस पर गंभीर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निन्दा प्रस्ताव पारित कर मणिपुर व सुकमा के एर्राबोर जघन्य घटना का भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने निन्दा किया है। और इस तरह का घटनाएं लगातार बढ़ रहे है इसे रोकने के लिए कठोर कानूनी व्यवस्था करने की बात कही। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने आगे कहा कि एर्राबोर घटना गभीर है शर्मसार करने वाला घटना है एक नाबालिग छात्रा के साथ इस तरह का अमानवीय घटना क्षम्य योग्य नही है, इस पर कडी कार्यवाही किया जाना चाहिए इस घटना के सम्बधित जो भी साक्ष्य को छिपाने में संलिप्त है उन सभी को कार्यवाही कर मामला दर्ज करने की मांग की। इस अवसर पर जी आर नेगी, हड़मा मरकाम, लीना ओयाम ,महेश कुंजाम,देवाराम मंडावी, राजेश नाग , मंगडू कवासी, सोमडू कवासी, रामकुमार मानका सोडी गंगा नाग सहित जिला परिषद के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक



**बीजापुर, 2 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारियों के तहत कलेक्टर श्री हरिस एस. ने मंगलवार को राजनीतिक दलों की बैठक ली। उन्होंने ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ से जारी फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 1 अक्टूबर 2023 के संदर्भ में निर्धारित तिथियों की जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि इसके तहत निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त को किया जाएगा। वहीं इसकी दावा आपत्ति 31 अगस्त तक की जा सकेगी। साथ ही निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा। 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण कर रहे सभी युवा, मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, हटाने, संधोधन के लिए मतदान केंद्र स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन 12 से 13 अगस्त 19 से 20 अगस्त को किया जाएगा।

## एक नजर

### प्लेसमेंट के माध्यम से 12 युवाओं को मिला रोजगार

**बलौदाबाजार,2 अगस्त।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त युवकों को रोजगार प्रदान करने के लिए नियोजक एस0आई0एस0 इंडिया कम्पनी लिमिटेड अनूपपुर (म0प्र0) द्वारा आईटीआई बलौदाबाजार (सकरी) में सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाईजर एवं सुरक्षा अधिकारी के पदों के लिये प्लेसमेंट आयोजित किया गया जिसमें कुल 18 युवाओं ने पंजीयन कराया। उक्त पंजीकृत 18 युवाओं में से 8 सुरक्षा जवान, 3 सुरक्षा सुरपवाईजर एवं 1 सुरक्षा अधिकारी कुल 12 युवाओं का प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार मिला।

### मुख्यमंत्री सुपोषण योजना की जानकारी लेने कलेक्टर पहुँचे आंगनबाड़ी

**बलौदाबाजार,2 अगस्त।** मुख्यमंत्री सुपोषण योजना की जानकारी लेने कलेक्टर चंदन कुमार आज विकासखण्ड बलौदबाजार के अंतर्गत ग्राम कुकुरदी आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे। उन्होनें आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित मुख्यमंत्री सुपोषण योजना से लाभान्वित महिलाओं एवं रेडी टू इट वितरण सहित विभाग के गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की। कलेक्टर को अपने बीच पाकर महिलाएं बेहद गदगद हो गई, उपस्थित महिलाओं ने कलेक्टर से चर्चा करते हुए बताया कि यहां नियमित रूप से एनीमिक महिलाओं को गरम भोजन दिया जाता है। इसके साथ ही रेडी-टू-ईट का वितरण निर्धारित तिथि में प्रदान की जाती है। इस मौके पर न्यू विस्टा सीमेंट संयंत्र द्वारा सीएसआर के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र को बच्चों के लिए खिलौना एवं बर्तन प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्राम के जनप्रतिनिधि सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एल.आर.कच्छप उपस्थित रहे।

### चरणदास महंत ने पंडित रविशंकर शुक्ल को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर 2 अगस्त।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पंडित रविशंकर शुक्ल जी, पंडित विद्याचरण शुक्ल जी की जयंती पर उन्हें स्मरण कर दी श्रद्धांजलि है। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, पंडित रविशंकर शुक्ल जी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रसिद्ध नेता एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वे 1 नवंबर 1956 को अस्तित्व में आए नए राज्य मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री नियुक्त हुए थे। पंडित रविशंकर शुक्ल को नए 'मध्य प्रदेश के पुरोधा' के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई, स्वदेशी खादी, राष्ट्रीय शिक्षा को बढ़ावा दिया और असहयोग सविनय अवज्ञा तथा भारत छोड़ो आंदोलन में शीर्षशत्तर भूमिकाएं निभाई।

# वाटरफॉल में जान जोखिम में डाल रहे युवा, हादसों के बाद भी नहीं ले रहे सबक

## 80 फीट ऊंचे झरने से युवक ने लगाई छलांग

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता, भुवनेश्वर प्रसाद साहू

**कसडोल 2 अगस्त।** कसडोल नगर पंचायत से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर सिद्धखोल जलप्रपात स्थित है । बारिश के दिनों में यहां का नजारा देखने लायक होता है यही वजह है कि प्रदेश के अलग-अलग जिलों से भी लोग यहां पिकनिक मनाने के लिए पहुंच रहे हैं लेकिन अपनी सुरक्षा को ताक पर रखकर लोग यहां मस्ती कर रहे हैं । 80 फीट की ऊंचाई से युवक के वाटरफॉल में कूदने का भी वीडियो जमकर वायरल हो रहा है । 80 फीट की ऊंचाई से छलांग लगाना आपकी जान पर भारी पड़ सकता है । पुलिस -प्रशासन नें ऐसा नहीं करने की चेतावनी लोगों को दी है । पिछले कुछ दिनों से पूरे प्रदेश से वाटरफॉल और नदियों में लोगों के डूबने की खबरें सामने आई है । ऐसे में थोड़ी सी भी लापरवाही बरतने पर कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है ।

बारिश के मौसम में सिद्धखोल वाटरफॉल के आसपास का नजारा काफी मनोरम होता है । इस नैसर्गिक खूबसूरती का आनंद उठाने के लिए यहां लगातार सैलानी पहुंच रहे हैं । हालांकि लापरवाही पर





कई लोगों का कहना है कि ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि अगर जरा सा भी बैलेंस बिगड़ा तो व्यक्ति सीधे चट्टान से टकराएगा और उसकी मौत हो जाएगी ।

इधर भीड़-भाड़ होने के बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सिद्धखोल जलप्रपात में नजर नहीं आ रहे हैं । कसडोल थाना प्रभारी केसी दास ने बतलाया कि हम ऐसे लोगों पर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं । पिछले दिनों एक एसयूवी गाड़ी भी जब्त की गई है । झरने के खतरनाक स्थानों पर लोगों का जाना प्रतिबंधित कर दिया गया है ,साथ ही तार से घेरा भी करवा रहे हैं । उन्होंने कहा कि वाटरफॉल में आकर बदमाशी करने वाले लोगों पर लगातार लगाम कसी जा रही है । लोगों को समझाइश भी दी जा रही है कि वे खतरनाक जगहों पर जाने से बचें ।

# नाबालिग बालिका को भगाकर दुष्कर्म करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजर 2 अगस्त।** थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत एक मामले में प्रार्थी ने दिनांक 27/7/23 को रिपोर्ट दर्ज कराया की उसकी 17 वर्षीय नाबालिक नातिन दिनांक 25/7/23 को रात्रि घर से बिना बताए कहीं चली गई है आस-पड़ोस व रिश्तेदारों में ढूंढने पर कहीं नहीं मिली की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 भा द वि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक झा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय तथा उप पुलिस अधीक्षक



मुख्यालय श्री अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में थाना लवन प्रभारी उप निरीक्षक उमेश वर्मा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़िता की लगातार पतासाजी करते हुए साइबर सेल की मदद से दिनांक 31/07/23 को टीम भेज कर ग्राम कापन जिला जांजगीर से पीड़िता को आरोपी विक्की रात्रे के कब्जे से बरामद कर थाना लवन लाया गया पीड़िता से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा उसे बहला फुसलाकर भगाकर कई बार शारीरिक संबंध बनाना बताई, विवेचना दौरान धारा 366,376(2) (ठ) भादवि, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई पूछताछ पर आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक 01/08/23 को माननीय न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में स उ नि व्ही. एस. केसरिया, प्रधान आरक्षक विनोद बांधे, आर. दिनू डहरिया, सूरज बंजारे, महिला प्र.आरक्षक सुमित्रा जाटवर, म. आर. सोनम भट्ट का विशेष योगदान रहा।

### विशेष ग्राम सभा के आयोजन के लिए कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

**बलौदाबाजार,2अगस्त।** आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 को संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य किया जाना है। इस संबंध में संचालनालय पंचायत विभाग द्वारा निर्देश जारी कर सभी ग्राम पंचायतों में कल 2 अगस्त को विशेष ग्राम सभा आयोजित करने का निर्देश जारी किया गया है। निर्देशानुसार अहर्ता तिथि 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने जा रहे सभी नागरिकों का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से पंजीयन किया जाना है।

## समाचार संक्षेप

### कांग्रेस सरकार पहले शाखा नहर मे पानी छोड़े :शिवरतन शर्मा

**भाटापारा 2 अगस्त।** विधानसभा क्षेत्र में बारिश की कमी के कारण खेती में हो रही पानी की कमी को देखते हुये किसानो के हित मे भाटापारा शाखा नहर में पानी छोड़ने की मांग शिवरतन शर्मा ने की है। सरकार से किसानो की परेशानी को देखते हुये अविलंब शाखा नहर मे जलप्रवाहित करने मांग की है। इस संदर्भ मे उन्होने प्रमुख अभियंता व मुख्य अभियंता सिंचाई से चर्चा कर मांग की है। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा व विधायक शिवरतन शर्मा ने बताया कि वर्षा की स्थिति को देखते हुये वर्तमान मे किसान परेशान व चिंतित है और कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता सिर्फ बयानबाजी मे मस्त है उन्हे किसानो की कोई चिंता नहीं है इसलिये आज किसान अल्प वर्षा से पूरे वर्ष भर की कमाई को गंवाने के राह पर खडे है लेकिन इस पर कोई निर्णय के बजाय थोथी बयानबाजी जारी है। वर्तमान मे पानी की कमी से ज्यादातर खेत सूखने के कगार पर है शाखा नहर मे अगर पानी छोड़ा जाता है तो हजारो एकड़ खेत का भविष्य संवारा जा सकता है इससे किसानो को फसल बचाने मे परेशान नहीं होना पडेगा। शिवरतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार को किसानो के हित मे निर्णय लिये जाने की आवश्यकता है आज ज्यादातर किसान पानी को लेकर काफी परेशान है जबकि भाटापारा शाखा नहर की उपलब्धता क्षेत्र मे है और सभी बांधो मे वर्तमान मे सिंचाई लायक पानी देने की व्यवस्था बन चुकी है। सभी बांध आज तक 50 से 65 प्रतिशत तक भर चुके है जिससे शाखा नहर मे किसानो की जिंदगी बचाने व वर्ष भर की मेहनत बचाने शाखा नहर पर पानी छोड़ने की अविलंब कार्यवाही कांग्रेस सरकार द्वारा किया जाना चाहिये जिसकी मांग की जाती है।



# जिला प्रशासन के सख्त निर्देशों के बावजूद रोका-छेका अभियान कड़ाई से नहीं चलाया जा रहा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल 2 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना रोका -छेका अभियान को शासन-प्रशासन के द्वारा कड़ाई से पालन करने के सख्त आदेश के बावजूद यह योजना फ्लाप साबित होता दिखाई दे रहा है। हाल ही में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन के द्वारा रोका -छेका अभियान का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया गया था । रोका -छेका अभियान में ढिलाई बरते जाने पर संबंधित ग्राम पंचायतो के सचिवों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई है। फिर भी जिला पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी के आदेश की अवहेलना , ग्राम पंचायतों के जिम्मेदार कर्मचारी कर रहे है ! जिसकी वजह से इन दिनों सुबह से देर रात तक सड़कों में गायों व अन्य आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा हुआ स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

ऐसा प्रतीत होता है कि संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिवों को अपने उच्च अधिकारियों के द्वारा दिए गए निर्देश व आदेशों का पालन करने में कोई रूचि नहीं है। जिसके चलते ही आये दिन सड़कों में , गायों व अन्य मवेशियों के कारण ही सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ते ही जा रही है। विदित हो कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की थी जिसमें नरवा , गरवा , घुरवा और बाड़ी योजना शामिल थी।

इस योजना के तहत गरवा यानी गायों के संरक्षण के लिए काम करने की योजना तैयार की गई थी ! सड़कों पर आवारा घूमती गायें दुर्घटना का शिकार न हो और वह खेतों में फसलों को नुकसान न पहुंचाए इसके



लिए सरकार ने रोका- छेका अभियान शुरू किया था। रोका -छेका अभियान के तहत सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर गौठान में रखने और उनके खाने पीने की व्यवस्था की गई थी। योजना की शुरुआत में यह काम अच्छे से हुआ लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता जा रहा है यह योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। अब इस योजना के तहत न तो गायों को सड़कों से हटाया जा रहा है न ही उन्हें गौठानो में रखा जा रहा है !जो गायें गौठानो में हैं उनके खाने की व्यवस्था नहीं की जा रही है ! जिसके कारण अब गायें सड़कों पर झुंड के झुंड दिखाई देने लगी हैं। सड़कों पर दिखाई दे रही गायों की झुंड से स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ सरकार की यह महत्वकांक्षी योजना सिर्फ कागजों में ही सीमित रह गया है। प्रदेश में भूपेश बघेल सरकार गौ सेवा के नाम पर करोड़ों रुपए फूंक कर गौठानों का निर्माण कर रही है। किंतु यदि धरातल पर देखा जाए तो गायें आज भी बुनियादी सुविधाओं को मोहताज , भूख प्यास और दाने दाने के लिए दर-दर भटकती छांव और साफ-सुथरी जमीन पर बैठने को तरसती ,अपनी जान गंवाने के लिए मजबूर हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी नरवा गरवा घुरवा और बाड़ी योजनाओं में से एक गौठान योजना साढ़े चार साल बाद भी अपने पूर्णत्व को प्राप्त करने के लिए तरस रही है। पूरे प्रदेश में बनने के लिए गौठान बन चुके हैं , गौठान में गायों के पीने के लिए पानी टंकिया बनाई गई है किंतु उसमें पीने के लिए पानी नहीं है।

कुछ गौठानों में शेड बनाए गए हैं किंतु वह शेड भी गायों को तपती झुलसती दोपहर और बरसात के दिनों में छांव देने के लिए पर्याप्त नहीं है। गायों को साफ- सुथरी जगह में बैठना पसंद होता है। लेकिन प्रदेशभर के गौठानों में गायों के बैठने के लिए पक्के फर्श का निर्माण आज तक नहीं किया गया है। जिसके कारण अधिकांश गौठानों में दलदल और गीली जमीन है। जहां गाय रुकना और बैठना पसंद नहीं करती। यही कारण है कि पूरे प्रदेश की सड़कों में दिन और रातों को गायों का डेरा जमा रहता है। नेशनल हाईवे हो या स्टेट हाईवे या फिर कोई गांव की सड़क, हर जगह सड़कों पर बैठी हुई गायें दिखाई देती हैं । किंतु सरकार गायों की मनोदशा समझे बिना सिर्फ वाहवाही लूटने का काम कर रही है। जबकि गायें आज भी सड़कों पर बैठ रही है। सड़कों पर गायों के बैठने के कारण आए दिन पशु-धन दुर्घटना का शिकार होकर मौत के मुंह में समा रही हैं। एक ओर लगातार गायों की मृत्यु दर बढ़ रही है, दूसरी ओर सड़क दुर्घटनाएं भी गायों के कारण बढ़ रही हैं ! भूपेश बघेल की सरकार को इस पर धरातल पर उतर कर काम करने की जरूरत है पर सरकार वाहवाही लूटने के लिए अपनी योजनाओं का सिर्फ ढिंढोरा पीटते दिखाई दे रही है।

**आखिर सड़कों पर ही क्यों बैठती हैं गायें?**

गायों और अन्य मवेशियों को सड़क के बीचों-बीच या डिवाइडर पर बैठना पसंद है क्योंकि तेज रफ्तार वाहनों से मक्खियां और कीड़े गायों और मवेशियों के शरीर से दूर हो जाते है और उन्हें हर बार अपनी पूंछ को हिलाने की आवश्यकता नही पड़ती है। इसी वजह से गायें और अन्य मवेशियां सड़कों पर बैठती हैं !

### पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने लेनदेन कर शिक्षकों की मनमर्जी की गई पदस्थापना को निरस्त किया जाएगा

**कसडोल 2 अगस्त।** सरकार ने समाज व देश में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए प्रारंभिक से माध्यमिक ,हायर सेकेंडरी कक्षा तक शिक्षा , कॉपी- पुस्तक , स्कूली ड्रेस व स्कूल समय का खाना भी मुफ्त प्रदान कर रही है । ताकि सभी बच्चे ....अनिवार्य शिक्षा का लाभ लेते हुए अपना भविष्य उज्जवल कर सके । अच्छी शिक्षा ग्रहण कर अपने परिवार , राज्य और समुदाय का नाम रोशन कर सकें ।



परंतु बलौदाबाजार जिला कसडोल विकासखंड के वनांचल ग्रामों में अनेकों स्कूल एकल शिक्षक और शिक्षक विहीन होने के कारण बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में दिक्कत आ रही है । फिर भी लेनदेन कर शिक्षकों को उनके मनचाहा स्थान में व्यवस्था कर देना कहां तक उचित है ? यह शिक्षा विभाग की बहुत बड़ी लापरवाही है जिसका सीधा असर बच्चों की शिक्षा पर पड़ता दिखाई दे रहा है । जब वनांचल के ग्रामों में शिक्षक ही नहीं रहेंगे ,तो बच्चे पढ़ेंगे कैसे ? कसडोल विकासखंड शिक्षा विभाग में ऐसे मामले लगातार निकल कर सामने आ रहे हैं जहां तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी राधेलाल जायसवाल ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए , लेन-देन कर , पिछले सत्र में व्यवस्था में गए शिक्षकों को मूल शाला में वापिस ही नहीं किया और इस सत्र भी चहेते लोगों को मनमाफिक एक स्कूल से दूसरे स्कूल व्यवस्था में भेज दिया । जबकि नियम कहता है कि स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या और शिक्षकों की कमी से अन्यंत्र स्कूलों से शिक्षकों की व्यवस्था किया जाता रहा है ताकि बच्चों की पढ़ाई , सुचारू रूप से चलता रहे। पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी राधेलाल जायसवाल की मनमानी के चलते कसडोल विकासखंड में शिक्षा का बुरा हाल है। लगातार शिकायतों के बावजूद भी उन पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही थी। अब उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश पर इन्हें हटाया गया है। कसडोल विकासखंड के वनांचल क्षेत्रों में जहां अनेक प्राथमिक व मिडिल स्कूल है जो शिक्षक विहीन या एकल शिक्षक होने के चलते बच्चों की पढ़ाई लिखाई पूरी तरह से बाधित हो गई है । जिस पर आज संज्ञान लेने वाला कोई नहीं है ? वहीं मैदानी इलाके में अनेकों स्कूल ऐसे हैं जहां बच्चों की दर्ज संख्या से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की गई है । कुछ दिनों पूर्व वनांचल के एक प्राथमिक विद्यालय आमगांव में शिक्षक की मांग करते पालकों ने स्कूल में तालाबंदी कर दिया था जिससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से प्रभावित हुआ ।


:: ज्ञापन ::

-: निरस्तीकरण की सूचना:-

क्रमांक/4692/ज.जी.मि./का.अ./लो.स्व.यां.खण्ड/2023 नारायणपुर, दिनांक 31/ 07/2023

इस कार्यालय के जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित निविदाओं में शून्य निविदाकार होने के कारण निरस्त किया जाता है। विवरण निम्नानुसार है-

निविदा क्रमांक/सिस्टम क्रमांक- 236/140879, 237/140880, 238/140881, 239/140882, 240/140883, 241/140886, 242/140887, 243/140888, 244/140890, 245/140893, 246/140894, 247/140896, 248/140911, 249/140925, 250/140926, 251/140927, 252/140930, 253/140933, 254/140935, 255/140936, 256/140940, 257/140941, 258/140942, 259/140943, 260/140944, 262/141018, 263/141018, 264/141023, 265/141024, 266/141025, 267/141027, 268/141029, 269/141030, 270/141031, 271/141034, 272/141035, 273/141036, 274/141037, 275/141038, 276/141039, 277/141040, 278/141041, 279/141043, 280/141048, 281/141054, 282/141055, 283/141057, 284/141058, 285/141060, 286/141062, 287/141068, 288/141070, 289/141073, 290/141075, 291/141077, 292/141080, 293/141113, 294/141117, 295/141118, 296/141119, 299/141122, 300/141124, 301/141125, 302/141126, 303/141127, 304/141128, 305/141129, 306/141130, 307/141131, 308/141133

G.N. - 03383, 03384, 03385

अतः उपरोक्तानुसार कुल 70 निविदाओं को निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड/जल जीवन मिशन
जी- 03857/4 नारायणपुर (छ.ग.)


## स्कूलों में आई फ्लू से बचाव की गतिविधियों में तेजी लाने एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने विभागीय काम-काज और आवेदनों का निराकरण समय पर करने के दिए निर्देश

**बलौदाबाजार,2 अगस्त।** कलेक्टर चंदन कुमार ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए। इस दौरान विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा मुख्यमंत्री जन चौपाल,कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। इसके साथ ही आई फ्लू बढ़ते प्रभाव को कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को स्कूलों में जाकर निरीक्षण एवं दवाईयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक एन्टीबायोटिक



आई ड्राप के उपलब्धता सुनिश्चित करने के कहा है।

उन्होंने आज बैठक में रीपा,मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य स्लम योजना, बेरोजगारी भत्ता,पौनी पसारी,जल जीवन मिशन, श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर,मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक, सुराजी गांव योजना,गौधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं उनका विस्तार, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, महतारी दुलार योजना,वन अधिकार पत्र वितरण जैसे अन्य योजनाओं का विस्तृत समीक्षा किए। इसके साथ ही सभी जिला अधिकारियों को अपने अपने स्तर में आवेदकों निराकरण करने के निर्देश दिए गए है।

**स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह होगा पं.चक्रपाणि हाई स्कूल ग्राउंड में:** कलेक्टर चंदन कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह जिला मुख्यालय पं.चक्रपाणि हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित की जायेगी। समारोह के लिए अफसरों को अलग-अलग कामों के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई है। साथ ही आज लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस विभाग से तैयारी सम्बंधित जानकारी ली गयी। कोविड प्रोटोकाल एवं बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए बैठक सहित अन्य तमाम व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह सवेरे 9 बजे पं.चक्रपाणि हाई स्कूल ग्राउंड में शुरू होगा। मुख्य अतिथि यहां ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इसके पहले सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण हो जाएगा। संपूर्ण कार्यक्रम का अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह 9 बजे स्टेडियम मैदान में होगा।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण एतद् द्वारा सूचित हो कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी श्री नोहर लाल साहू, उम्र 40 वर्ष, पिता पुनीत राम साहू, निवासी-शिवमंदिर के सामने, मोतीनगर बोरिया, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि, खसरा नंबर 197/23, सामिलात ख.नं. 198/83 रकबा 0.0140 हेक्टेयर याने 1500 वर्गफुट, जो कि ग्राम देवपुरी, प.ह.नं. 73, रा.नि.मं. डुमरतराई, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, को क्रय करने का सौदा पक्का कर इस आशय का बयाना राशि अदा कर दिया गया है, मात्र बैनामा, पंजीयन कराना शेष है।

अत: उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति के स्वामित्व एवं आधिपत्य तथा अंतरण के संबंध में जिस किसी उत्तराधिकारी व्यक्ति, संस्था, बैंक, साहूकार, शासन, प्रशासन, बोर्ड, प्राधिकरण, निगम, निकाय को उक्त सम्पत्ति या उसके भाग पर कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिनों के अंदर मेरे निम्नांकित पते पर सुसंगत दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात मेरे पक्षकारा के द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जाएगा। बाद म्याद के किया गया दावा या आपत्ति अवैध एवं शुन्य होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जानें ।

रायपुर ( छ.ग. )
दिनांक: 01/08/2023
संतोष कुमार मारकण्डे
अधिवक्ता
पता -हा. नं. 391, से.7, न्यू राजेन्द्रनगर
रायपुर, मो. 94255-19799



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक 1 जगदलपुर**

अल्प निविदा आमंत्रण सूचना

प्रथम आमंत्रण

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 4774/13 /वलेलि/2023-24 जगदलपुर दिनांक 30/07/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | T0041 | विभिन्न विभागों से प्रदत जमा राशि के अंतर्गत उपसंभाग क्रमांक 1 जगदलपुर अंतर्गत उपखण्ड क्रमांक 1 के आवसीय एवं गैर आवासीय भवनों का जमा कार्य | 50.00 |
| 2 | T0042 | विभिन्न विभागों से प्रदत जमा राशि के अंतर्गत उपसंभाग क्रमांक 1 जगदलपुर अंतर्गत उपखण्ड क्रमांक 2 के आवसीय एवं गैर आवासीय भवनों का जमा कार्य | 50.00 |
| 3 | T0043 | विभिन्न विभागों से प्रदत जमा राशि के अंतर्गत उपसंभाग क्रमांक 1 जगदलपुर अंतर्गत उपखण्ड क्रमांक 3 के आवसीय एवं गैर आवासीय भवनों का जमा कार्य | 50.00 |
| 4 | T0044 | उपसंभाग क्रमांक 1 जगदलपुर अंतर्गत जेल रोड स्थित व्ही.आई.पी. बंगला (सांसद निवास सह कार्यालय) का जीर्णोद्धार कार्य | 40.00 |

नोट:-निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11.08.2023
उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur में भी अवलोकन किया जा सकता है।
ऑनलाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।
अन्य विवरण एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस में लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्र.1 जगदलपुर के कार्यालय के नोटीस बोर्ड में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.( भ/स )उ.ब.संभाग क्र.1
जी- 03849/4 जगदलपुर

## एक नजर

### प्रियंका बिस्सा व्यास को राजनीति विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री



**रायपुर 2 अगस्त।** पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ की बेटी डॉ प्रियंका बिस्सा व्यास को युवाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण को उत्पन्न करने में सोशल मीडिया की भूमिका- एक विश्लेषणात्मक मूल्यांकन विषेयक शोध कार्य हेतु डॉक्टरेट डिग्री अवार्ड की गयी। यह शोध कार्य शोध निर्देशक प्रोफ. डॉ. सुभाष चंद्राकर दुर्गा महाविद्यालय के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ । राष्ट्रपति सम्मानित डॉ. प्रियंका बिस्सा ने सोशल मीडिया के माध्यम से युवा राजनीतिक सशक्तिकरण के मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों पहलुओं का व्यापक विश्लेषण किया है । यह अभूतपूर्व अध्ययन भारत में अपनी तरह का पहला अध्ययन है। वर्तमान भारतीय राजनीति में सोशल मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है ऐसे में यह शोध बहुत प्रासंगिक हो गया हैं। करमवीर चक्र प्राप्त डॉ. बिस्सा के अध्ययन से पता चलता है कि सोशल मीडिया युवाओं को राजनीति में अपनी भागीदारी में सक्षम बनाता है। यह शोध अध्ययन सोशल मीडिया के प्रभाव के अनदेखे नकारात्मक पहलुओं को भी उजागर करता है। इस अध्ययन के परिणाम नीति निर्माताओं, राजनीतिज्ञों, युवाओं एवं हितधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करेगा।

### 14 तक छुट्टी पर रहेंगे आईएएस जयप्रकाश मौर्य

**रायपुर, 2 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ खनिज संसाधन विभाग और अतिरिक्त प्रभार आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा एवं संचालक जयप्रकाश मौर्य 14 अगस्त तक छुट्टी में हैं. जयप्रकाश मौर्य के उक्त अवकाश अवधि में चंद्रकांत वर्मा को प्रभार दिया गया है। चंद्रकांत वर्मा प्रबंध संचालक, छ0ग0 मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आयुक्त चिकित्सा शिक्षा एवं संचालक, स्वास्थ्य सेवायें का प्रभार सौंपा गया है. सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव अन्वेष घृतलहरे ने आदेश जारी किया है।

### सूक्ष्म अर्थ-शास्त्र और सामाजिक विकास विषय पर विचार गोष्ठी

**रायपुर 2 अगस्त ।** समाजसेवी संस्था प्रोग्रेसिव यूटिलाइजेशन ऑफ रिसर्च एंड इकोनॉमिक्स (प्योर) द्वारा कल गुरुवार तीन अगस्त को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सिविल लाइंस स्थित वृन्दावन हॉल में शाम चार बजे से छह बजे तक विचार -गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। आयोजक सुनील शर्मा ,डॉ. संगीता कौशिक और सूरज दुबे ने आज यहाँ बताया कि विचार गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. सत्यजीत साहू करेंगे। यह विचार -गोष्ठी - माइक्रो इकोनॉमिक्स एंड सोशल डेवलपमेंट यानी 'सूक्ष्म-अर्थशास्त्र और सामाजिक विकास' विषय पर होगी। इसमें यूरोप के लुबलियाना (स्लोवेनिया) स्थित अर्थशास्त्र विश्वविद्यालय के प्रोफेसर नवदीप पुराणिक मुख्य वक्ता होंगे।उनके अलावा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ,रायपुर के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर बी. एल. सोनकर और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. . वर्तिका शर्मा के भी व्याख्यान होंगे। विषय प्रवर्तन एडवोकेट संतोष ठाकुर करेंगे।प्योर संस्था ने सभी प्रबुद्धजनों से विचार -गोष्ठी में शामिल होने की अपील की है।

### छत्तीसगढ़ राइडिंग क्लब ने निकाली बाइक रैली

**रायपुर, 2 अगस्त ।** हैलो जिंदगी के तहत छत्तीसगढ़ राइडिंग क्लब द्वारा रायपुर पुलिस के साथ मिलकर बाइक रैली निकली गयी. जो रैली रायपुर से निकलकर झोझा वाटरफॉल पेंड्रा, गौरेला-पेण्ड्रा-मारवाही तक जाएगी। साथ ही रास्ते मे पड़ने वाले सभी गाँवों एवं शहरों में हैलो जिंदगी अभियान के तहत आम जनता के बीच मे नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए नशामुक्ति के प्रति जागरूकता का संदेश देंगे।

### मौदहापारा में दो गुट भिड़े

**रायपुर,2 अगस्त।** वर्चस्व की लड़ाई को लेकर आज मौदहापारा,रजबंधा मैदान में दो गुटों में झगड़ा हो गया। इस दौरान तलवार और लाठी से एक दूसरे के ऊपर हमले किये गये। इसमें दो लोग घायल हो गये हैं। मौदहापारा पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

### सरकारी अस्पतालों में इलाज प्रभावित

**रायपुर, 2 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ के जूनियर्स डॉक्टर्स अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। सरकारी अस्पतालों में इलाज प्रभावित हुआ है। प्रदेश के सबसे बड़े अंबेडकर अस्पताल के जूनियर डॉक्टर्स और पोस्ट पीजी रेजिडेंट्स आज से हड़ताल पर जा रहे हैं। स्टाइपेंड और बॉन्ड कम करने की मांग को लेकर ये हड़ताल की जा रही है। जूनियर डॉक्टर्स की संख्या 3 हजार से ज्यादा है। ये सभी प्रदेश अलग-अलग जिलों के मेडिकल कॉलेज में पढ़ते हैं। हालांकि इमरजेंसी सर्विसेस में योददान देंगे लेकिन इसके बाद भी कोई फैसला शासन की तरफ से नहीं आता तब पूरी तरह से सारी सेवाएं बंद कर दी जाएंगी।

# अमृत भारत स्टेशन योजना में छत्तीसगढ़ के सात स्टेशन शामिल

## रेल मंत्री से मिले अरुण साव

**रायपुर, 2 अगस्त।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व बिलासपुर सांसद अरुण साव ने सोमवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। मुलाकात में बिलासपुर जोन के रेल सुविधाओं को लेकर चर्चा की। साव ने प्रदेशवासियों की मांग और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय रेलमंत्री से भेंट कर बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न रेलवे स्टेशनों में कई ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ वनांचल तथा जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है। जहां आवागमन की सुविधा के लिए ट्रेन मुख्य साधन है। ट्रेनों का ठहराव बंद होने से क्षेत्र के निवासियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साव ने जनहित को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों का ठहराव फिर से शुरू करने के लिए यथाशीघ्र कार्यवाही करने का निवेदन केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से किया है। साथ ही साव ने क्षेत्र में विलंब से चल रही ट्रेनों का समय पर परिचालन



सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया है। अरुण साव ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय रेलवे ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के 508 स्टेशनों का अपग्रेडेशन और नवीनीकरण करने का फैसला किया है, जिसका आगामी 6 अगस्त को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आधारशिला रखी जाएगी । इस योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, महासमुंद तिल्दा-नेवरा और अकलतरा स्टेशन का चयन किया गया है। इस योजना के माध्यम से केंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ को ?1,459.6 करोड़ की सौगात प्राप्त हो रही है। जिसके लिए अरुण साव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है। साव ने कहा कि इस योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के रेलवे स्टेशनों के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है और न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं (एमईए) सहित अन्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए विभिन्न चरणों में कार्य का क्रियान्वयन किया जाएगा। लंबी अवधि के समय में स्टेशन पर रूफ प्लाजा और शहर के केंद्रों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। छत्तीसगढ़ के सात स्टेशनों को इस योजना में शामिल किया गया है। यह हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष साव ने अन्य विषयों को लेकर भी चर्चा की है। साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है एवं अनेक परियोजनाओं का काम प्रगति पर है ।

## कक्का जी व विद्या भैया जयंती पर याद किए गए



**रायपुर 2 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, मोर्चा, संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल एवं वरिष्ठ नेता शहीद पं. विद्याचरण शुक्ल की जयंती समारोह आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा, शब्बीर खान, चुड़ामणी साहू, गौरीशंकर पांडे, परमानंद पटेल, संजय पटेल उपस्थित थे।

### बिच्छू के डंक मारने से मासूम की दर्दनाक मौत

**रायपुर, 2 अगस्त ।** गोबरा नवापारा नगर के खोलीपारा में रहने वाली 8 साल की मासूम बच्ची की बिच्छू काटने से अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार गोबरा नवापारा के सुभाष चौक में सब्जी का पसरा लगाने वाले केशव सोनकर निवासी खोलीपारा गोबरा नवापारा की 8 साल की बच्ची आरती को रविवार रात 8 बजे उस वक्त बिच्छू ने काट लिया, जब वह जूता पहन रही थी। दरअसल, बिच्छू जूता के भीतर मौजूद था. बच्ची को बिच्छू काटने की जानकारी होते ही परिजन उसे लेकर नगर के एक अस्पताल ले गए। जहां से उसे रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था. यहां आज मासूम बच्ची की मौत हो गई। मासूम बच्ची की मौत होने की खबर से उसके परिजनों के साथ-साथ समूचे खोलीपारा इलाके में शोक का माहौल व्याप्त है।

## तिल्दा-नेवरा में सजा पंडित प्रदीप मिश्रा का दरबार

**शिव महापुराण सुनने दूर-दूर से पहुंच रहे भक्त**

**रायपुर 2 अगस्त।** 1 अगस्त से 7 अगस्त तक तिल्दा नेवरा में स्थित बीएबी हाई स्कूल ग्राउंड (दशहरा मैदान) में पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण का आयोजन किया गया है जिसका सोमवार प्रथम दिन हैं।

प्रथम दिन की कथा दोपहर दो बजे से शुरू होगी। रविवार शाम 6:00 बजे अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा रायपुर एयरपोर्ट में आगमन हुआ। इसके बाद नेवरा के आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा एयरपोर्ट में पुष्पगुच्छ देकर पंडित प्रदीप मिश्रा का स्वागत किया गया। रायपुर एयरपोर्ट से पंडित प्रदीप मिश्रा रात्रि 9:00 बजे तिल्दा नेवरा पहुंचे। पंडित प्रदीप मिश्रा के आगमन के बाद भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। बाजे गाजे के साथ पंडित प्रदीप मिश्रा का भव्य स्वागत किया गया।

भक्तों के आवागमन को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सैकड़ों पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई। पुलिस वालों के साथ ही हजारों वॉलिंटियर्स निस्वार्थ भाव से अपनी सेवा दे रहे हैं। बता दें कि, शिव महापुराण कथा शुरू होने के दो दिन पहले ही शिव भक्तों का आना शुरू हो गया था और अंदाजा लगाया जा रहा है कि पहले दिन की कथा में शामिल होने के लिए लगभग दो लाख लोग कथा स्थल पहुंच रहे हैं।

## अब युवाओं की इच्छा के अनुरूप आयेंगे परिणाम: संकल्प

**रायपुर 2 अगस्त।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली बहुविकल्पीय परीक्षाओं में अभ्यर्थियों की माँग के आधार पर आयोग द्वारा निर्णय लिया गया है कि भविष्य में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में अभ्यर्थियों के वर्गवार कटआफ सूची लिखित परीक्षा के परिणाम साथ जारी की जाएगी। पीएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं के इंटरव्यू में जो ज्यादा नंबर हैं उन्हें भी कम किया जाएगा। एनएसयूआई मीडिया विभाग के चेयरमैन संकल्प मिश्रा ने आयोग के इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने भेट



मुलाक़ात के दौरान इस संबंध में युवाओं की माँग और सुझाव पर ठोस क़दम उठाते हुए आयोग को निर्देशित किया कि व्यापक हित में जल्द से जल्द कार्यवाही हो। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप लोक सेवा आयोग ने भी उपरोक्त निर्णय लिया जिससे युवाओं में हर्ष व्याप्त है। अब सब कुछ पारदर्शी होगा।

बेरोजगारी भत्ता युवाओं के लिए आत्म सम्मान से जीने का अवसरः संकल्प मिश्रा, चेयरमैन, मीडिया विभाग, एनएसयूआई प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा बेरोजगारी भत्ता योजना की चौथी किश्त की राशि का अंतरण सोमवार को प्रदेश भर के 01 लाख 22 हजार 625 हितग्राहियों को 31 करोड़ 71 लाख रूपए की राशि सीधे उनके खाते में अंतरित की गई। बेरोजगारी भत्ता की अप्रैल, मई, जून और जुलाई माह की चार किश्तों को मिलाकर हितग्राहियों के खाते में मिल चुकी है।

एनएसयूआई मीडिया विभाग के चेयरमैन संकल्प मिश्रा ने कहा कि भत्ता के तौर पर मिलने वाली राशि से पढ़ाई के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रों और युवाओं को सहायता मिल रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं, नोटबुक्स तैयार करने लिए वह उक्त राशि का उपयोग छात्रों और युवाओं को राहत प्रदान कर रहा है। बेरोजगारी भत्ता छात्रों के भविष्य को संवारने, गढने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में होने वाले व्यय और मासिक खर्च के लिए वरदान साबित हो रहा है।

## उदया सोसायटी एवं अर्जुन विहार में रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन

**रायपुर 2 अगस्त।** संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय पश्चिम विधानसभा के समस्त वार्डों में अपने कार्यों के प्रति काफी सजग हैं। उन्होंने भारी बारीश में भी आज शहीद भगत सिंह वार्ड क्र.21 अंतर्गत उदया सोसायटी सेक्टर-04 एवं अर्जुन विहार मे स्वीकृत रोड निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु भूमि पूजन सोसायटी के नागरिकों द्वारा करवाया एवं संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर साफ मौसम के दौरान तत्काल रोड निर्माण कार्य कराने हेतु निर्देशित भी किये।



विधायक विकास उपाध्याय द्वारा पश्चिम विधानसभा में जनता की हर समस्या का निराकरण करने प्रतिदिन क्षेत्रवासियों से मुलाकात का सिलसिला भी जारी है। चाहे अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से हो या फिर स्वयं भी लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। आज भूमि पूजन के दौरान भी उदया सोसायटी के वरिष्ठ जनों से रायमशवरा कर उनसे सुझाव लिये एवं क्षेत्र के विकास के बारे में चर्चा की। इस दौरान नत्थू शर्मा जी दीपक खेर जी चरण शर्मा जी विजय अग्रवाल जी किशन चौधरी जी विजय गर्ग जी सोहन शर्मा भूपेंद्र शेरगिल पम्मी चोपड़ा केडिया केडिया जी बलजीत वालिया लाडी चिम्मा अमरजीत सिंह सहित काफी संख्या में आमजन भी उपस्थित रहे।

### रायपुर टीम में सभी खिलाड़ी धरसींवा के,कुश्ती में भी दो विकासखंडों ने टीमें उतारीं

**रायपुर, 2 अगस्त ।** जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा में अंतर्गत आयोजित अधिकतर खेलों की स्पर्धा में रायपुर जिले में आने वाले चार विकासखंडों में से केवल धरसींवा के ही खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं, जबकि अन्य अभनपुर, तिल्दा और आरंग विकासखंड की स्कूली टीमें पहुंच ही नहीं रही हैं। जिला स्तरीय वेटलिफ्टिंग (अंडर-17, 19 बालक/ बालिका) प्रतियोगिता रायपुर स्थित फॉरेस्ट क्लब में आयोजित की गई, जिसमें केवल धरसींवा के खिलाड़ी पहुंचे. इसीलिए बिना स्पर्धा कराए ब्लॉक स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को ही जिला टीम में जगह दे दी गई, जो अब संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में रायपुर जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे. रायपुर जिले की वेटलिफ्टिंग टीम : अंडर-17 बालक : सचिन सिंह नमदा, राहुल कुमार साहू, तुषार साहू, पियाशू रंजन बिश्वास, साकेत जंघएल, शत्रुंजय शुक्ला, आदित्य कुमार साहू. अंडर-17 बालिका : बबली बिशवास, विधि साहू, पाजली तिवारी, पितु साहू, लुकेश्वरी साहू. अंडर-19 बालक : प्रथम जंघेल, राज करण जांगड़े, दैनिश विश्वकर्मा, अंशदीप सिंग. अंडर-19 बालिका : गीतिका निर्मलकर. (सभी धरसींवा ब्लॉक के)सुभाष स्टेडियम में आयोजित की कुश्ती की जिला शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में भी केवल धरसींवा और तिल्दा विकासखंडों के खिलाड़ी शामिल हुए. जबकि, अभनपुर और आरंग ब्लॉक के खिलाड़ी ही नहीं पहुंचे. तीन आयु वर्गों में धरसींवा के 25 खिलाड़ी व तिल्दा के केवल 6 खिलाड़ी उतरे. दोनों ब्लॉक खिलाड़ियों के बीच स्पर्धा कराई गई, जिसके बाद रायपुर जिला की टीम का चयन किया गया।

## बीपी-शुगर मशीन का वितरण

**रायपुर 2 अगस्त।** कोरोनाकाल के पश्चात सामान्यतः परिवारों में ब्लड प्रेशर व शुगर की बीमारियों ने अनेक जानें ली है । ब्लड प्रेशर कम ज्यादा होना जीवन के लिए घातक हो जाता है । घरों में बी पी मशीन होने से तुरंत प्रारम्भिक इलाज कर जान बचाई जा सकती है , जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा जैन साधर्मिक परिवारों के लिए स्वास्थ्य सजग प्रहरी योजना का शुभारंभ किया गया । स्वास्थ्य सजग प्रहरी योजना में 2500 रुपये की सहयोग राशि प्रदान कर एक साधर्मिक परिवार के सजग प्रहरी बन सकते हैं । इस योजना के अंतर्गत बी पी व शुगर जांच की 30 मशीनों का वितरण किया गया । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि नौकरीपेशा व मध्यमवर्गीय जैन परिवारों को आवश्यकता अनुसार 1 ब्लड प्रेशर मशीन व 1 शुगर टेस्टिंग इक्यूपमेंट दिया जा रहा है । प्रथम चरण में जिन परिवारों में ब्लड प्रेशर व शुगर से पीड़ित परिजन हैं ऐसे 100 परिवारों को मशीन वितरित की गई है । कोचर व




चोपड़ा ने बताया कि अगस्त माह में 25 परिवारों को और मशीन दी जावेगी । जिन साधर्मिक भाई बहनों के परिवार में ब्लड प्रेशर व शुगर के मरीज हों वे संपर्क कर नाम दर्ज करवा सकते हैं । जैन संवेदना ट्रस्ट के चन्द्रेश शाह ने बताया कि संस्था द्वारा शुगर इक्यूपमेंट के साथ एक पैकेट जांच पट्टी भी दी जा रही है , आगे जांच पट्टी स्वयं को लेनी होगी । चन्द्रेश शाह ने आगे बताया कि जरूरत होने पर ब्लड प्रेशर व शुगर जांच करने का प्रशिक्षण भी दिया जाता है । ज्ञात हो कि जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा विगत दिनों में साधर्मिक स्वावलंबन योजना के अंतर्गत व्यवसाय में सहयोग किया जा रहा है व सुकन्या विवाह योजना पर कार्य किया जा रहा है ।

### इंस्पेक्टर अंबर सिंह ने कनाडा में जीता गोल्ड

**रायपुर, 2 अगस्त ।** इंस्पेक्टर अम्बर सिंह भारद्वाज ने कनाडा में आयोजित पुलिस गेम में एक गोल्ड व एक सिल्वर मेडल जीतकर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। कनाडा जाने के पूर्व अंबर सिंह भारद्वाज बेमेतरा कोतवाली में पदस्थ थे। वर्तमान में उनका स्थानांतरण दुर्ग हो गया है। श्री भारद्वाज को छत्तीसगढ़ पुलिस की शान कहा जाता है।

## मोवा स्कूल में युवा चेंबर ने किया पौधरोपण

**रायपुर 2 अगस्त।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल एवं युवा चेम्बर महामंत्री कांति पटेल ने बताया कि मोवा स्थित चैंपियन स्कूल में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की युवा विंग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सदस्य एवं स्कूल के छात्र और शिक्षकगण सम्मिलित होकर वृक्षारोपण कर उस पौधे के विकास और संरक्षण का संकल्प लिया। चेंबर अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी ने कहा कि विकास के इस



दौर में प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व एवं कर्तव्य है। वृक्षों का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है, मनुष्य और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक है अतः हमें अपने जीवन में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए।

युवा चेंबर महामंत्री श्री कांति पटेल ने छात्रों को वृक्षारोपण का महत्व समझाते हुए बताया कि वृक्ष सभी जीवों के जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और मनुष्यों के लिए तो ये किसी वरदान से कम नहीं है।

कार्यक्रम में युवा चेंबर महामंत्री कांति पटेल जी ने वहां उपस्थित समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों एवं स्कूल छात्रों सहित शिक्षकगणो से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आव्हान कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने निवेदन किया।

कार्यक्रम में युवा चेंबर की तरफ से युवा चेंबर महामंत्री कांति पटेल, कार्यक्रम के संयोजक जयेश पटेल,समीर वंश्यानी, हिमांशु वर्मा,प्रकाश पटेल,मनीष पटेल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23